वर्ष 23, अंक 252, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज रविवार 6 अक्टूबर 2024 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

जिसको कोई पूछता नहीं था, उसको मोदी पूजता है

नवरात्रि में किसानों को बड़ा तोहफा, किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी

महाराष्ट्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृषि और पशुपालन से संबंधित कई पहलों का शुभारंभ किया। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त भी जारी की। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय ग्रामीण विकास तथा कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी इस अवसर पर मौजूद रहे। अपने संबोधन के शुरूआत में मोदी ने कहा कि नवरात्रि के इस पावन अवसर पर मुझे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी करने का अवसर मिला। महाराष्ट्र की डबल इंजन सरकार यहां के किसानों को दोहरा लाभ दे रही है। पोहरादेवी के आशीर्वाद से मुझे अभी लाड़की बहन योजना की लाभार्थियों की मदद करने का अवसर मिला है, यह योजना नारी शक्ति का सम्मान बढ़ा रही है।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान ब्रिटिश सरकार ने इस पूरे समुदाय को अपराधी घोषित कर दिया था, लेकिन आजादी के बाद बंजारा समुदाय की देखभाल करना और उन्हें उचित सम्मान देना देश की जिम्मेदारी थी। उस समय कांग्रेस की नीतियों ने इस समुदाय को मुख्यधारा से अलग रखा। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद जिस परिवार ने कांग्रेस पार्टी को संभाला, उसकी मानसिकता शुरू से ही विदेशी थी। अंग्रेजी सरकार की तरह यह कांग्रेस परिवार भी दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों को अपने बराबर नहीं समझता। उन्हें लगता है कि भारत पर सिर्फ एक ही परिवार का शासन होना चाहिए, क्योंकि यह अधिकार उन्हें अंग्रेज देकर गए थे।

पीएम ने कहा कि महाराष्ट्र के किसानों ने कई दशकों से बहुत बड़ा संकट झेला है। विपक्ष पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों की सरकार ने किसानों को गरीब और बदहाल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। जब तक महाअघाड़ी सरकार थी, उनके पास सिर्फ. दो एजेंडे थे। पहला, किसानों से जुड़ी परियोजनाओं को रोकना और दूसरा, इन परियोजनाओं के पैसे से भ्रष्टाचार करना। हम केंद्र से परियोजनाओं के लिए पैसा भेजते थे, लेकिन वो उसे खा जाते हैं। हर चुनाव से पहले झूठे वादे करना कांग्रेस का एजेंडा है। महाराष्ट्र में भी कांग्रेस और महाअघाड़ी सरकार ने कई योजनाओं को बंद कर दिया था।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पर शहरी-नक्सलियों का शासन चल रहा है। उन्हें लगता है कि अगर हम सब एक हो जाएंगे तो देश को बांटने का उनका एजेंडा फेल हो जाएगा। हर कोई देख सकता है कि कांग्रेस उन लोगों के साथ कितनी निकटता से खड़ी है जो भारत के लिए अच्छे इरादे नहीं रखते हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में दिल्ली में हजारों करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की गई थी। एक कांग्रेस नेता पर इसका सरगना होने का संदेह है। कांग्रेस युवाओं को नशे की ओर धकेल कर मिलने वाले पैसे से चुनाव लड़ना चाहती है। हमें ऐसे एजेंडों से सचेत रहना चाहिए।'

मैं आप सभी को बंजारा विरासत म्यूजियम की बधाई देता हूं। जिसको किसी ने नहीं पूछा, उसको मोदी पूजता है। हमारे बंजारा समाज ने भारत के सामाजिक जीवन में, भारत की निर्माण यात्रा में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। मोदी ने कहा कि हमारे बंजारा समाज ने ऐसे कितने ही संत दिये, जिन्होंने भारत की आध्यात्मिक चेतना को असीम ऊर्जा दी। पीढ़ी दर पीढ़ी, सैकड़ों-हजारों वर्षों से ये समुदाय भारत की संस्कृति और परम्पराओं को सहेजता और संवारता आया है। उन्होंने कहा कि एनडीए की केन्द्र सरकार ने ही घुमंतू और अर्ध घुमंतू समुदाय के लिए कल्याण बोर्ड का गठन भी किया।

भारत-पाक रिश्तों पर वार्ता के लिए नहीं, एससीओ बैठक के लिए जा रहा हूं इस्लामाबाद: जयशंकर

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पाकिस्तान जाने वाले हैं। उन्होंने पड़ोसी देश की अपनी आगामी यात्रा के दौरान भारत-पाकिस्तान के बीच किसी वार्ता की संभावना से इनकार किया है।

जयशंकर ने माना कि दोनों देशों के बीच संबंधों की प्रकृति को देखते हुए उनकी पाकिस्तान यात्रा पर मीडिया का खासा ध्यान रहेगा लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि यह दौरा किसी बातचीत के लिए नहीं हो रहा है। उल्लेखनीय है कि लगभग एक दशक में यह पहली बार है कि देश के विदेश मंत्री पाकिस्तान का दौरा करेंगे। दोनों देशों के बीच संबंध खास तनावपूर्ण रहे हैं। इसका एक बड़ा कारण पाकिस्तानी धरती से संचालित होने वाली आतंकी गतिविधियां हैं।

हरियाणा विधानसभा चुनाव: पहले मतदान, फिर कोई काम

चंडीगढ़। हरियाणा में 90 सदस्यीय विधानसभा सीटों के लिए मतदान जारी है। मतदाता उत्साह और हर्ष के साथ पोलिंग बूथ पहुंच अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। सबके अपने-अपने मुद्दे हैं। कोई विकास, तो कोई शिक्षा, तो कोई स्वास्थ्य तो कोई महिला सुरक्षा के मुद्दे को अहम बता रहा है।

मतदाता राजकुमार धनेजा ने कहा, मैं ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहूंगा। सिर्फ इतना ही कहूंगा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग मतदान करें। पांच साल बाद यह मौका आता है। यह हमारे लिए त्यौहार का समय है। जिस तरह से हम दिवाली, होली मनाते हैं, ठीक उसी तरह से इसे भी एक त्यौहार की तरह मनाए। इसके अलावा, सुरक्षा की भी विशेष व्यवस्था है। वैसे तो हमारे यहां हमेशा से ही शांतिपूर्ण मतदान होते हुए आए हैं, लेकिन इसके बावजूद भी हमने सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए हुए हैं, ताकि कोई अप्रिय घटना ना घटे।

फर्स्ट टाइम वोटर मुकिम ने कहा, ह्लमैं पहली बार मतदान करने जा रहा हूं। इसे लेकर मेरे मन में उत्साह और हर्ष का भाव है। मैं

संक्षिप्त

आरजी कर मामला: 9 अगस्त को ड्यूटी पर तैनात चार पुलिसकर्मी सीबीआई जांच के घेरे में

कोलकाता। कोलकाता पुलिस के चार पुलिसकर्मी सीबीआई की जांच के घेरे में हैं। ये पुलिसकर्मी 9 अगस्त की सुबह आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में ड्यूटी पर थे। सीबीआई अस्पताल परिसर में जूनियर डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की जांच कर रही है।

महिला डॉक्टर का शव 9 अगस्त को अस्पताल के सेमिनार रूम में मिला था। घटनाक्रम से अवगत सूत्रों ने बताया कि उस समय अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद इन चार पुलिसकर्मियों का बयान जांच अधिकारियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, ताकि शव मिलने के बाद सबूतों के साथ हुई संभावित छेड़छाड़ के बारे में स्पष्ट जानकारी मिल सके।

जांच अधिकारी एक महिला पुलिसकर्मी समेत इन चार पुलिसकर्मियों से पहले ही पूछताछ कर चुके हैं। उन्होंने उनसे पूछा था कि 9 अगस्त की सुबह पीड़िता के शव के पास उन्होंने किस तरह की गतिविधियां देखीं और क्या उन्हें इस मामले में अपने उच्च अधिकारियों से कोई आदेश या निर्देश मिला था। यदि जरूरी हुआ तो इन चारों पुलिसकर्मियों से दोबारा पूछताछ की जाएगी।

बेडरूम में कोर्ट की एंट्री से सरकार को ऐतराज, पत्नी से जबरदस्ती अपराध या नहीं?

गुजरात - रेप के मामले में जो भी कानून या प्रोसीजर हैं वो विवाह के मामले में लागू नहीं होते हैं। इसी को लेकर सुप्रीम कोर्ट में आठ याचिकाएं हैं, जिन पर सुनवाई हो रही है। कुछ संगठनों ने तर्क दिया है कि मैरिटल रेप को अलग रखना असंवैधानिक है। वहीं कुछ संगठन इसके फेवर में हैं और उन्होंने ने भी याचिकाएं दाखिल की है।

अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में मुंबई ने जीता ईरानी कप का खिताब

मुंबई: मुंबई ने अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में ईरानी कप 2024 का खिताब जीत लिया है. टीम ने 27 सालों के बाद यह ट्रॉफी जीती है. रहाणे की टीम मुंबई ने 15वीं बार ईरानी कप का खिताब जीता. उसका मुकाबला लखनऊ में रेस्ट ऑफ इंडिया से हुआ. यह मुकाबला ड्रॉ रहा. लेकिन मुंबई ने पहली पारी में बढ़त के हिसाब से जीत हासिल कर ली. उसके लिए सरफराज खान ने पहली पारी में दोहरा शतक लगाया था. सरफराज ने नाबाद 222 रन बनाए थे.

मुंबई ने पहली पारी में बैटिंग करते हुए ऑल आउट होने तक 537 रन बनाए. इसके जवाब में रेस्ट ऑफ इंडिया ने पहली पारी में 416 रन बनाए।

अर्बन नक्सल और देश को बांटने वाले लोगों की भाषा बोल रहे राहुल

हिमाचल

विपक्ष पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस वह पार्टी है जो आजादी की लड़ाई लड़ने आई थी। गांधी जी ने कहा था कि आजादी की लड़ाई के बाद कांग्रेस पार्टी को खत्म कर देना चाहिए।

लेकिन सत्ता के लालच में आप कांग्रेस पार्टी चलाते रहे और आपकी यात्रा बाएं से दाएं, दाएं से बाएं हो गई।

हिमाचल प्रदेश के सिरमौर में एक सभा को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि मैं लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद पहली बार हिमाचल आया हूं। आप लोगों ने चारों की चारों सीटें भाजपा को जिताईं, इसके लिए मैं आपको विशेषकर धन्यवाद देता हूं। आपकी मदद से, आपके आशीर्वाद से 60 साल बाद नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनें। उन्होंने कहा कि आप सब लोगों ने (भाजपा कार्यकर्ता) मेरे साथ वो दिन भी देखा है, जब हम किराए के मकान में अपना कार्यालय चलाते थे। कभी किसी समर्थक से दुकान के ऊपर की जगह ले लिया करते थे और व्यापार मंडल की दरी लाकर बिछाते थे, कार्यक्रम करते थे और व्यापार मंडल को धन्यवाद के साथ दरी वापस दे देते थे।

जेपी नड्डा ने कहा कि आज हम लोगों के लिए खुशी का विषय है कि भाजपा का भव्य कार्यालय है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के मूल मंत्र 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के संकल्प के साथ इस कार्यालय का उपयोग होना चाहिए। मुझे पूरा विश्वास है कि आप कार्यकर्ता ये करेंगे।

उमर अब्दुल्ला ने दुष्प्रचार फैलाने के लिए जैसे ही कदम बढ़ाया, अमित शाह ने कर दी तगड़ी खिंचाई

जम्मू-कश्मीर

उमर अब्दुल्ला के सोशल मीडिया मंच एक्स पर किए गए पोस्ट का जवाब देते हुए अमित शाह के कार्यालय ने कहा, उमर अब्दुल्ला का ट्वीट भ्रामक और अटकलों से भरा है। इसमें जरा-सी भी सच्चाई नहीं है क्योंकि ऐसा कोई प्रस्ताव ही नहीं है।

जम्मू-कश्मीर में नयी सरकार बनने से पहले केंद्र शासित प्रदेश में अफवाहों और अटकलों का दौर शुरू हुआ है जिसको वहां के नेता ही हवा देकर आगे बढ़ा रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला जोकि इस बार हार के डर से दो विधानसभा सीटों से चुनाव लड़े उन्होंने एक ट्वीट के जरिये दुष्प्रचार करना चाहा लेकिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ऐसा जवाब दिया कि उमर बगलें झांकने लगे। हम आपको बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस बात को सिरे से खारिज कर दिया है कि जम्मू-कश्मीर में जल्द ही गठित होने वाली सरकार या मुख्यमंत्री की शक्तियों में कटौती करने का प्रयास किया जा रहा है। मंत्रालय ने कहा कि इस बात में रत्ती भर भी सच्चाई नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यालय ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की उस टिप्पणी के बाद यह कड़ा बयान जारी किया है जिसमें उमर ने केंद्र शासित प्रदेश के नौकरशाहों से कहा था।

अमेठी हत्याकांड के पीड़ित परिवार से सीएम योगी आदित्यनाथ ने की मुलाकात

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अमेठी हत्याकांड के पीड़ित परिवार से मुलाकात की। सीएम ने अपनी संवेदना प्रकट करते हुए उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

सीएम योगी के साथ ऊंचाहार विधायक डॉ. मनोज पांडेय भी मौजूद थे। सीएम योगी ने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया कि सरकार इस मामले में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरतेगी। दोषियों को जल्द से जल्द सजा और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव कोशिश की जाएगी।

गौरतलब है कि गुरुवार शाम को शिवरतनगंज इलाके में बेखौफ बदमाशों ने एक शिक्षक, उसकी पत्नी व दो बेटियों की गोली मार कर हत्या कर दी। वारदात के पीछे किसी मुकदमे की रंजिश बताई जा रही है। शिक्षक परिवार रायबरेली जनपद का निवासी है। पुलिस कई पहलुओं पर जांच कर रही है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमों का गठन किया गया है।

सिद्धारमैया ने अटकलों को किया खारिज, बोले- विपक्ष के झूठे आरोप पर इस्तीफा नहीं दूंगा

विपक्ष के झूठे आरोप पर इस्तीफा नहीं दूंगा- सिद्धारमैया

कर्नाटक

मुडा साइट आवंटन मामला सामने आने के बाद कांग्रेस के भीतर व्यस्त राजनीतिक गतिविधियों, जहां दलित और अनुसूचित जनजाति के नेता बैठक कर रहे थे, पर एक सवाल पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सिद्धारमैया ने कहा कि लोग अनावश्यक रूप से अटकलें लगा रहे हैं।

मुडा मामले को लेकर कर्नाटक में राजनीतिक हलचल तेज है। विपक्ष कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का इस्तीफा मांग रहा है। इन सबके बीच सिद्धारमैया ने एक बार फिर से दोहरा दिया है कि वह विपक्षी दलों के झूठे आरोपों' के आधार पर अपने पद से इस्तीफा नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि वह राज्य की जनता के सामने वास्तविक स्थिति रखेंगे। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यदि विपक्षी दल झूठे आरोपों के आधार पर मेरा इस्तीफा मांगते हैं, तो क्या मुझे इस्तीफा दे देना चाहिए? हम झूठे आरोपों का जवाब देंगे। हम लोगों को सच बताएंगे।

मुडा साइट आवंटन मामला सामने आने के बाद कांग्रेस के भीतर व्यस्त राजनीतिक गतिविधियों, जहां दलित और अनुसूचित जनजाति के नेता बैठक कर रहे थे, पर एक सवाल पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सिद्धारमैया ने कहा कि लोग अनावश्यक रूप से अटकलें लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री चर्चा करेंगे लेकिन क्या आपको अटकलें लगानी चाहिए? जब राज्य के लोक निर्माण मंत्री सतीश जारकीहोली एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिलते हैं या विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री एन एस बोसराजू किसी मंत्री से मिलते हैं तो लोग अटकलें लगाते हैं। पहले भी ऐसी बैठकें हुई हैं और अब भी हो रही हैं ।

वोटिंग के बीच नायब सिंह सैनी का बड़ा बयान

हरियाणा: हरियाणा में विधानसभा चुनाव को लेकर मतदान जारी है. दोपहर एक बजे तक प्रदेश की 90 सीटों पर 41. 01 फीसदी वोटिंग दर्ज की गई. इस बीच कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री ने दावा किया हरियाणा में बीजेपी की सरकार बनने जा रही है. साथ ही उन्होंने कांग्रेस पर भी हमला बोला. साथ ही उन्होंने भूपेंद्र हुड्डा पर भी निशाना साधा.

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा, "हमें जनता का आशीर्वाद मिल रहा है. हरियाणा में कमल का फूल खिल रहा है. कांग्रेस की जो परिवारवाद की राजनीति थी हमनें उस पर विराम लगाया है. भूपेंद्र हुड्डा एक ही विशेष वर्ग को, विशेष क्षेत्र को ही देखते थे, लेकिन हमारी सरकार में सबका साथ सबका विकास, 36 बिरादरी को साथ लेकर आगे बढ़ाने का काम हमारी सरकार ने किया है."

खिलड़ियों और पहलवानों के सवाल पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा, "कांग्रेस ने खिलाड़ियों के कंधे पर बंदूक रखकर चलाई है. खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का काम जितना दस सालों में पीएम मोदी ने और हरियाणा सरकार ने किया है. जितना युवाओं को आगे बढ़ाया है, जितना किसानों को मजबूत किया है

शिक्षकों की एक जुटता और संघर्ष निश्चय ही उपलब्धियां हासिल करेगा : सुरेश त्रिपाठी

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ मंडल प्रयागराज का धरना पूर्व निर्धारित समय के अनुसार आज

प्रयागराज। संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय प्रयागराज में धरने की अध्यक्षता संगठन के मंडल अध्यक्ष रमेश चंद्र शुक्ल ने किया तथा संचालन मंडलीय मंत्री अनुज कुमार पांडेय ने किया धरने में मंडल के चारों जनपदों के लगभग 800 शिक्षक उपस्थित थे धरने को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी ने कहा आपकी एकजुटता और संघर्ष?? शीलता ही न केवल आपको नई उपलब्धियां दिलाएगा बल्कि आपके अर्जित उपलब्धियां की रक्षा करेंगी अगर आप एक रहेंगे तथा एकता के सूत्र में बधे रहेंगे तो कोई भी शोषक शक्ति आपका नुकसान नहीं कर सकती मा सुरेश कुमार त्रिपाठी ने कहा जब तक मांगे पूरी नहीं हो जाती संगठन संघर्षरत रहेगा उन्होंने कहा पुरानी पेंशन दिलाना संगठन का लक्ष्य है संगठन केंद्र सरकार द्वारा घोषित यूपीएस का विरोध करता है तथा जीपीएफ आधारित पुरानी पेंशन की मांग करता है वित्तविहीन शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन आदि मांगों के लिए पुरजोर तरीके से संघर्ष की बात कही संगठन के महामंत्री नरेंद्र वर्मा ने कहा प्रयागराज मंडल के शिक्षक साथियों की धरने मे उपस्थित संगठन के प्रति निष्ठा को प्रदर्शित करती है आपकी यह उपस्थित आपके संघर्ष को फलीभूत करेंगी धरना के बाद संयुक्त शिक्षा निदेशक श्री आर यन विश्वकर्मा को माननीय मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रेषित किया गया ज्ञापन लेने के बाद संयुक्त शिक्षा निदेशक महोदय ने कहा आपका ज्ञापन आज ही माननीय मुख्यमंत्री को प्रेषित कर दिया जाएगा और जो मांगे हमारे कार्यालय स्तर की होगी उन्हें तुरंत निश्तारित कर दिया जाएगा धरने में संगठन की केंद्रीय निर्वाचन समिति के सदस्य रामेश्वर उपाध्याय ,कुंज बिहारी मिश्रा ,सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी अनय प्रताप सिंह, श्री रामचंद्र सिंह , अतुल यादव प्रतापगढ़ के अध्यक्ष अनिल सिंह, प्रयागराज के जिला मंत्री जगदीश प्रसाद ,प्रतापगढ़ के मंत्री आलोक शुक्ला, फतेहपुर के मंत्री अमित सिंह, कौशांबी के मंत्री चंद्रकांत शुक्ला , रविंद्र त्रिपाठी ,उमाशंकर यादव ,सदस्य राज्य परिषद डॉक्टर सुयोग पांडे ,संजीव तिवारी उपाध्यक्ष गण ,श्री जयप्रकाश शर्मा श्री, बृजेंद्र राय ,श्री राजेश यादव सफेद प्रकाश भगत श्री उमेश द्विवेदी श्री इंद्रदेव पांडे प्रदेश कार्यालय प्रभारी श्री रामचंद्र यादव ,श्रीमती सविता मिश्रा श्री सत्येंद्र त्रिपाठी, श्री जीत लाल सरोज , चंदी राम, कौशलेश प्रसाद तिवारी ,डॉक्टर चंद्रमणि, सुधीर शुक्ला आदि लोग उपस्थित थे।

सज धज के साथ निकला सहसों में विशाल कर्ण घोड़ा शोभायात्रा

सहसों। आदर्श रामलीला कमेटी सहसों के द्वारा रामलीला मंचन से पूर्व शनिवार को पूरे साज सज्जा के साथ भव्य एवं विशाल कर्ण घोड़ा शोभायात्रा निकाली गई। कर्ण घोड़ा शोभायात्रा को सायंकाल रामलीला स्थल से प्रारंभ कर गाजे बाजे के साथ सहसों बाईपास, राम जानकी मंदिर, गोल चौराहा होते हुए प्राचीन दुर्गा मंदिर ललचहां तक ले जाकर वापस रामलीला स्थल पर विश्राम दिया गया। कमेटी द्वारा कर्ण घोड़ा शोभायात्रा में आधुनिक कलाकृतियों से सजी अद्भुत झांकियां भी निकाली गई। इस दौरान कमेटी के लोग एवं राम भक्तों ने हाथों में धर्म ध्वजा लिए भक्ति गीत संगीत पर थिरकते शंख ध्वनि एवं भगवान ?श्री राम का जयकारा लगाते चल रहे थे। प्रमुख रूप से कमेटी की अध्यक्ष अजय केसरवानी, प्रबंधक अनुराग सिंह अन्नू , जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल, जिला संयोजक नमामि गंगे भाजपा गंगापार राजधर द्विवेदी, जय कृष्णा सोनी, विजय केसरवानी, शाश्वत अशोक तिवारी, संजय सिंह, जयेश केसरवानी, शिव बाबू केसरवानी, बद्री प्रसाद सिंह, श्याम बाबू गुप्ता, रामेंद्र सिंह, लाल चंद्रगुप्त, राजेंद्र केसरवानी बबलू , अमन प्रकाश केसरवानी एवं विशाल सोनी सहित आदि लोग शोभायात्रा में शामिल रहे।

न्यूज झरोखा

मेजा की पूर्व विधायक के निधन पर शोक सभा आयोजित कर दी गई श्रंधांजलि

मेजा। क्षेत्र के युवा समाजसेवी ने पूर्व विधायक के असामयिक निधन पर शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी है। शुक्रवार को मेजारोड बाजार के सिरसा मार्ग पर स्थित ओझा आयरन स्टोर पर प्रतिष्ठित युवा समाजसेवी प्रभा शंकर उर्फ रिंकू ओझा की अगुवाई में पूर्व विधायक नीलम करवरिया के असामयिक निधन पर शोक सभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रिंकू ओझा ने कहा कि नीलम करवरिया जी का व्यक्तित्व सरल था। वह क्षेत्र की महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत रही। नीलम जी कांटो भरी राह पर चलकर परिवार की राजनैतिक विरासत को संभाला और वह एक अच्छे जननेता और पारिवारिक व्यवहार के लिए सदैव जानी जाएगी। इस दुनिया से उनका असमय जाना पार्टी, समाज, संगठन, शुभचिंतकों तथा उनके समर्थकों के लिए काफी दुखद हैं। पूर्व ब्लॉक प्रमुख मेजा मुन्नन शुक्ला ने कहा कि नीलम जी एक कुशल प्रशासक तथा कार्य साधक विधायक थी वह सरल व सहजता की मूर्ति थी। ग्राम प्रधान सोरांव राजेश द्विवेदी ने कहा कि नीलम जी के निधन पर अभी तक विश्वास नहीं हो रहा है क्योंकि वह एक ऐसी जननेता थी जिनसे अपनी बात कहने में कोई संकोच नहीं होता था। श्रद्धांजलि सभा में मनीष तिवारी, बीके मिश्रा, शिव उपाध्याय, सौंटा गुरु, विनीत शुक्ला, कलयुग तिवारी, आशीष तिवारी, पंकज केसरवानी, रामबाबू प्रजापति, सत्यम शिवम तिवारी, रमेश मिश्रा, नचई यादव सहित आदि लोग उपस्थित ।

भाजपा नेता प्रेमशंकर सिंह ने कल्याणी देवी पहुंच जताया दुःख

मेजा। भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा गिरिराज चैरिटेबल के अध्यक्ष प्रेमशंकर सिंह ने शनिवार को पूर्व एमएलसी सूरजभान करवरिया के निजी आवास कल्याणी देवी पहुंचकर मुलाकात किया और मेजा की पूर्व विधायक श्रीमती नीलम करवरिया के असमय निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया। इस दौरान श्री सिंह ने कहा कि श्रीमती नीलम के असमय निधन से हम सभी काफी दुखी हैं। उन्होंने शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में ईश्वर कष्ट सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना किया।

विधायक ने सुनी समस्याएं, सदस्यता अभियान को दिया अंजाम

कोरांव। भाजपा विधायक कोरांव राजमणि कोल ने अपने विधान सभा के कई ग्राम सभाओं का भ्रमण किया और लोगों की समस्या सुनी और उपस्थित लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया। विधायक संसारपुर नेबढ़िया पाल, अल्हवा अमिलियापाल आदि ग्राम में लोगों को भाजपा का ऑनलाइन सदस्य बनाया। और जन समस्याएं सुनीं। विधायक के साथ रामाश्रय शुक्ला, पीआरओ बाबुआन दुवेदी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया जागरूक

मांडा। यमुनापार क्षेत्र के लॉर्ड बुद्धा स्कूल एण्ड कॉलेज माण्डा खास में मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्र/छात्राओं को जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के सम्बन्ध में अवगत कराया गया । वही मांडा इंस्पेक्टर शैलेन्द्र सिंह के नेतृत्व में थाने की महिला एसआई ने मिशन शक्ति योजना के बारे में छात्राओं को बताया गया कि यदि किसी को किसी भी प्रकार की समस्या या सोहदे के द्वारा परेशान किया जाये तो तत्काल टोल फ्री नं0 112, 1076 व 1090 आदि नम्बरों पर तत्काल सूचना अवगत कराए और छात्राओं को हेल्प लाइन नम्बर 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के बारे में जागरुक किया गया । कॉलेज प्रधानाचार्या एवं प्रबंधक अशोक कुमार मौर्य ने छात्राओं को जागरूक करने वाली टीम के प्रति आभार व्यक्त किया '

तेज हवाओं के साथ बारिश से धान की फसल हुई जमींदोज

करछना प्रयागराज जमुना पार के करछना तहसील के अंतर्गत शनिवार लगभग 4:00 बजे हुई चंद मिनट की बारिश एवं तेज हवाओं से किसने की धान की फसल बड़ी संख्या में जमीन दो हो गई अधपकी धान की फसल जमीन दोह होने के चलते किसानों के चेहरे पर हवाइयां उड़ गई तेज तूफान एवं तेज बारिश की गति इतना अधिक थी की चंद मिनट में फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है क्षेत्र के करछना बसरिया मोगलहा , बेंदौ , चनैनी ,थरी, पुरैनी ,आदि दर्जनों गांवों में किसानों की बड़ी संख्या में धान की फसल की छति हुई है उमस एवं गर्मी के बीच सूरज की निकली धूप के बावजूद बादलों ने चंद मिनट में तहसील क्षेत्र के किसानों के चेहरों पर गम की लकीरें खींच दिया देखते-देखते फसलें जमी दोह हो गई जिससे किसानों का काफी नुकसान हुआ

शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर संगीत मय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

श्रीमद्भागवत कथा सुनने मात्र से हर प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती हैः आचार्य श्यामदास जी

लालापुर। क्षेत्र भटपुरा में नवरात्रि के पावन पर्व पर श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन ग्रामीणों द्वारा किया गया है। बता दें कि लालापुर के ग्राम भटपुरा में नवरात्रि पर्व पर देवी भागवत कथा आचार्य श्याम दास जी महाराज द्वारा किया जा रहा है।शनिवार को श्रीमद्भागवत कथा में आचार्य जी ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई, जिसमे महाराज ने कहा कि कलयुग में भागवत की कथा सुनने मात्र से हर प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती है। कथावाचक ने कहा कि भागवत कथा एक ऐसी कथा है, जिसे ग्रहण करने मात्र से ही मन को शांति मिलती है। भागवत कथा सुनने से अहंकार का नाश होता है। कथा वाचक ने कहा कि जब धरती पर चारों ओर त्राहि-त्राहि मच गई, चारों ओर अत्याचार, अनाचार का साम्राज्य फैल गया तब भगवान श्रीकृष्ण ने देवकी के आठवें गर्भ के रूप में जन्म लेकर कंस का संहार किया।दुर्गा पांडाल में श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनकर श्रोता भाव विभोर हुए।कथा के मुख्य यजमान सतीश शुक्ला व उनकी पत्नी रंजना शुक्ला रहे। नव दुर्गा समिति भटपुरा के आयोजक अरुण मिश्रा ने बताया कि नवरात्रि में लगातार श्रीमद्भागवत कथा के साथ नव दिन भजन कीर्तन का आयोजन ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान नीरज मिश्र,आलोक शुक्ल, मयंक शुक्ल, विकास शुक्ल,आशुतोष शुक्ल, अमन शुक्ल, प्रियम मिश्र,अभी मिश्र,अंकित मिश्र,चंद्रप्रकाश मिश्र,गणेश मिश्र,राहुल मिश्र,चंचल मिश्र,शिवम मिश्र,रामप्रकाश मिश्र सहित सैकड़ों भक्तगण उपस्थित रहे।

महेवा कला में 109वीं रामलीला का आयोजनः भगवान राम के जन्म और ताड़का-सुबाहु के वध की लीला का मंचन

मांडा। यमुनापार क्षेत्र के मांडा अन्तर्गत महेवा कला गांव में आयोजित 109वीं वर्ष की रामलीला में शुक्रवार को भगवान राम के जन्म और ताड़का-सुबाहु के वध की लीला का मनरोम मंचन किया गया। इस अवसर पर रामलीला में राजा दशरथ को चार पुत्रों की प्राप्ति के लिए गुरु वशिष्ठ द्वारा यज्ञ अनुष्ठान की सलाह देने का दृश्य पेश किया गया। सृंगी ऋषि द्वारा पुत्रेष्ठि यज्ञ के अनुष्ठान के बाद, राजा दशरथ को राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघन की प्राप्ति हुई। इसके बाद विस्वामित्र मुनि द्वारा राजा दशरथ से राम-लक्ष्मण की मांग की गई और भगवान राम द्वारा ताड़का और सुबाहु राक्षस का वध किया गया। इस दौरान पूरा पंडाल जय श्रीराम, हर हर महादेव के जयकारे से गूंज उठा। रामलीला में सुंदरम पांडेय ने भगवान राम की, छोटू शर्मा ने लक्ष्मण की, देवी प्रसाद वैश्य ने राजा दशरथ की, संदीप मिश्र ने गुरु वशिष्ठ की, गुलाब पांडेय ने विस्वामित्र की, अश्वनी श्रीवास्तव ने ताड़का की, आशीष श्रीवास्तव ने सुबाहु की, अविनाश शर्मा ने मारीच की और मनोज वर्मा ने दूत की भूमिका निभाई। रामलीला प्रबंधक आशुतोष श्रीवास्तव ने बताया कि आगामी रविवार को धनुष यज्ञ और राम विवाह की रामलीला का मंचन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालुओं की भागीदारी की अपेक्षा है।

प्रदेश उपाध्यक्ष ने बैठक में उपचुनाव को लेकर दिए दिशा निर्देश

सहसों। भारतीय जनता पार्टी मंडल सहसों में फूलपुर उपचुनाव के संबंध में पांच शक्ति केंद्र पर आवश्यक बैठक किया। बैठक में प्रदेश के उपाध्यक्ष त्र्यंबक त्रिपाठी ने शक्ति केंद्र बगई खुर्द के चन्दोहा में बूथ अध्यक्ष हृदयेश कुमार द्विवेदी के आवास पर बूथ अध्यक्ष, बूथ एजेंट, बी एल ए टू एवं बूथ सचिव के साथ बैठक करके आवश्यक सुझाव एवं दिशा निर्देश देते हुए बूथ की समीक्षा किया। तथा शक्ति केंद्र उमरी, शक्ति केंद्र चकिया घरहरा, कशेरुआ कला एवं सहसों के कार्यकताओं की तैयारी का जायजा लिया एवं आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि हम हर बूथ पर अपनी तैयारी को मजबूत रखें। उन्होंने कहा पन्ना प्रमुख अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए अपने पन्ने के वोटरों की चिंता करें और सदस्यता अभियान में बढ़ चढ़ कर के हिस्सा लें एवं अधिक से अधिक सदस्य बनाएं। इस अवसर पर मुख्य रूप से मंडल प्रवासी प्रभा शंकर पांडे, विधानसभा संयोजक अमरनाथ यादव, विधानसभा प्रभारी रमेश चंद दुबे , मंडल प्रभारी कुंवर मृगेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार सरोज, मंडल महामंत्री पवन कुमार शुक्ला व संजय सिंह, शिव शंकर दुबे, राजेश सरोज, संतोष सिंह, विमल मिश्रा, लव कुश बिंद, रंजन त्रिपाठी सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री आवास सर्वे में नये परिवारों को प्राथमिकता - चंदन देव

बीडीओ ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

करछना। विकास खंड करछना एवं विकास खंड कौंधियारा का संयुक्त रूप से प्रधान मंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 2024 की आवास सूची के तैयारी के संबंध में एवं पात्रता / अपात्रता के नए मानकों के संबंध में दोनो ब्लॉकों में प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवानगी की गई। इस दौरान दोनों विकास खंडों के ग्राम प्रधान, सचिव, आम जनमानस एवं अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे। हैंडआउट्स तथा अन्य प्रचार सामग्री के साथ प्रचार वाहन को रवाना किया गया जो क्षेत्र में अनाउंसमेंट सिस्टम के साथ लोगो को इस योजना के बारे में जागरूक करेगा। जिलाधिकारी महोदय , मुख्य विकास अधिकारी महोदय एवं परियोजना निदेशक महोदय के आवास के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति के बारे में एवं कोई भी पात्र व्यक्ति छुटने न पाए के संदेश को भी प्रचार वाहन के मध्यम से क्षेत्र में प्रचारित किया जाएगा, इस अवसर पर विकास खंड करछना एवं विकास खंड कौंधियारा के सचिव दीप्ति मिश्रा, ममता पांडे, एडीओ आई एस बी उदय भान?, आशीष सिंह, दीपेश सिंह, कमल सिंह, प्रफुल्ल कुमार,राम सकल, मनीष शुक्ला,सोनल शुक्ला, मनोज कुमार, मनीष सिंह, अवतार किशन सिंह, धीतेश तिवारी प्रधान अमन कुमार सोनकर, सहित बड़ी संख्या में ब्लॉक कर्मियों के अलावा गणमान्य लोग एवं प्रधान व प्रतिनिधि शामिल रहे।

नैनी में युवक ने वीड़ियो जारी कर पुलिस पर लगाया आरोप

नैनी। नैनी क्षेत्र के महेवा में रहने वाले एक दलित युवक ने वीडियो जारी करके पुलिस पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। युवक वीडियों में बता रहा है कि उसके घर देर रात नैनी की एक पुलिस टीम पहुंची और बिना वारंट के घर में घुस गई। आरोप है कि पुलिस ने उन्हें जातिसूचक शब्दों के साथ अभद्रता की। वहीं मामले में चौकी प्रभारी एग्रीकल्चर ने बताया कि युवक जुआ का फड़ चलाता है। जुआ में पकड़े गए लोगों का सरगना है। उसी मामले में वह वाछित है। उसी के लिए पुलिस गई हुई थी। युवक का निराधार आरोप लगा रहा है।

भाजपा का शिक्षक व प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन आज

सहसों। भारतीय जनता पार्टी के शिक्षक एवं प्रबुद्ध वर्ग का सम्मेलन आज रविवार को छत्रपति शिवाजी पीजी कॉलेज सहसों के प्रांगण में आयोजित किया गया है। उक्त जानकारी जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने देते हुए बताया कि सम्मेलन के मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक डॉ बाबूलाल तिवारी रहेंगे इसके अतिरिक्त सांसद फूलपुर प्रवीण पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष गंगापार सहित आदि पदाधिकारी सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

बारा तहसील में आई 152 शिकायतें, एक का भी त्वरित निस्तारण नहीं

बारा। शनिवार को जनपद के सभी तहसील मुख्यालयों पर संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। यमुनापार की बारा, करछना, कोरांव संबंधित अधिकारियों ने तहसील दिवस की अध्यक्षता की।

बारा तहसील मुख्यालय पर उपजिलाधिकारी बारा की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों से कुल 152 शिकायतें आईं, लेकिन त्वरित निस्तारण एक का भी नहीं हो सका। सभी शिकायतों को निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के हवाले कर दिया गया है। बारा में सर्वाधिक 75 मामले राजस्व विभाग के रहे। इसके अलावा 21 प्रार्थनापत्र पुलिस, विकास विभाग से 21, विद्युत विभाग से आठ प्रार्थना पत्र, परिवहन व चिकित्सा विभाग एक-एक, खाद्यान्न एवं रसद विभाग से 10 शिक्षा विभाग, मत्स्य पालन, सिंचाई, बाल विकास, समाज कल्याण आदि विभागों की शिकायतें आईं। समाधान दिवस में पुलिस विभाग से एसीपी बारा संतलाल सरोज , तहसीलदार, नायब तहसीलदार, बीडीओ शंकरगढ़ व जसरा, बारा विधायक डा. वाचस्पति के प्रतिनिधि विजय कुमार निषाद उर्फ श्यामू, प्रकाश सिंह पटेल, कानूनगो, लेखपाल अन्य विभागों के लोग मौजूद रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में एडीएम और एसडीएम ने सुनी फरियाद

कोरांव। कोरांव तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में एडीएम नागरिक आपूर्ति एवं उप संचालक चकबंदी राजेश सिंह,एसडीएम कोरांव आकांक्षा सिंह,ने फरियादियों की फरियादेन सुनीं। उप जिलाधिकारी को प्रधान अल्हवा अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ने चकमार्ग से अवैध अतिक्रमण हटाने और भूमिहीनों को अविलंब प्रस्तावित भू खंडों को आवंटन किए जाने तथा प्राथमिक विद्यालय अल्हवा में विद्यालय भवन काया कल्प कराएं जाने के संबंध में अवगत कराया। और तत्काल कार्यवाही की मांग की। उन्होंने नायब तहसीलदार बड़ोखर को त्वरित कार्यवाही का निर्देश दिया। और विद्यालय के लिए बीएसए प्रयागराज को निर्देशित किया। इसी तरह राजस्व सहित विभिन्न समस्याओं के निदान के निर्देश दिए।

नीलगाय से टकराने से बाइक सवार मूर्क बधिर युवक की मौत परिजनों में मचा कोहराम

घटना के बाद नीलगाय भी तडप तडप कर खत्म हो गया

मऊआइमा। बाइक से घर लौटते समय युवक की बाइक में नीलगाय ने टक्कर मार दी। जिससे युवक की मौत हो गई। मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बताया गया है कि थोडी देर में जख्म नीलगाय भी तड़प तड़प कर खत्म हो गया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के हरखपुर गांव में बाइक से गुजर रहे मूर्क बधिर युवक पंकित कुमार उर्फ नन्हें 18 वर्ष पुत्र छेदीलाल पटेल ग्राम बसनी के पुरवा डडवा थाना जेठवारा प्रतापगढ़ शनिवार को शाम के समय बाइक से कहीं गया था। बताया गया है कि जब वह वापस लौटा तो ग्राम हरखपुर के पास नीलगाय के आगे से गुजरने से पंकित कुमार उर्फ नन्हें बुरी तरह जख़्मी हो गया। अस्पताल ले जाते समय पंकित कुमार की मौत हो गई। मृतक भाईयों में बडे से छोटा था। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया है कि थोडी देर जख्मी नीलगाय भी खत्म हो गया। मृतक पंकित कुमार के घर में कोहराम मचा हुआ है।

रिपब्लिकन पार्टी के जिलाध्यक्ष संजय गौतम ने मेजा के दर्जनों गांवों में किया जनसंपर्क

मेजा। भाजपा समर्थित रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया के प्रयागराज जिलाध्यक्ष संजय गौतम ने शनिवार को अपने समर्थकों संग मेजा विधान सभा क्षेत्र के रामनगर ,मेजा खास, सिडखिड़ी,तथा कठौली सहित दर्जनों गांवों में जनसंपर्क कर सदस्यता अभियान चलाया। इस दौरान कई लोगों को पार्टी की सदस्यता भी दिलाई गई। उल्लेखनीय है कि जनपद प्रयागराज की कमान संभालने के बाद श्री गौतम यमुनापार क्षेत्र के गांवों में पूरी ताकत के साथ पार्टी को न सिर्फ मजबूत करने में लगे हुए हैं बल्कि जनजागरूकत एवं सदस्यता अभियान चलाकर लोगों को पार्टी की सदस्यता भी दिलाकर उन्हे नई जिम्मेदारियां भी सौंप रहे हैं। गौरतलब है कि रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास आठवले एवं प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता के नेतृत्व में प्रयागराज में पार्टी को गति देने के लिए पूरी तरह संकल्पित श्री गौतम का मानना है कि आगामी चुनाव के पूर्व प्रयागराज के साथ साथ गंगापार और यमुनापार क्षेत्र में पार्टी का जनाधार बढ़ाना मुख्य लक्ष है। जनसंपर्क के दौरान सर्व समाज के हित की बात करने तथा सबका साथ और सबका विकास का नारा देने वाले युवा जिलाध्यक्ष पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को लोगों के बीच शेयर करते हुए जन जन को जागरूक कर रहे हैं। श्री गौतम ने बताया कि नेवढ़ीया गांव के कृष्ण कुमार पांडेय को जिलामंत्री का दायित्व दिया गया है। इसके अतिरिक्त कई अन्य लोगों को बड़े पदों पर नियुक्त कर उन्हें नई जिम्मेदारियां दी गई हैं। बता दें कि शोषित समाज की रहनुमाई के साथ साथ सभी जाति धर्म के लोगों में श्री गौतम की खासी पैठ है तथा उनकी अगुवाई में क्षेत्र के लोग भारी संख्या पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। इस मौके पर ओम प्रकाश मौर्य,मनीष शुक्ला, अधिवक्ता अवधेश प्रजापति, डीके प्रजापति, शकील अहमद, मेहंदी हसन, राकेश प्रजापति, सौरभ पटेल,तथा त्रिशूल नाथ सिंह आदि के अलावा कई अन्य कार्यकर्ता,पदाधिकारी तथा समर्थक जनसंपर्क कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

स्वस्थ रहना है तो वही खाइए जो सीजनल हो : अनुप्रिया पटेल

मिजार्पुर सांसद व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कपारी में कैलाश हास्पिटल का किया उद्घाटन

कपारी में हास्पिटल के खुलने से स्थानीय लोगों को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा, नहीं जाना होगा मुख्यालय

शंकरगढ़। मिजार्पुर सांसद व केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने शनिवार को शंकरगढ़ के कपारी में एक निजी अस्पताल का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, आज के समय में शरीर को स्वस्थ रखना एक बहुत बड़ी चुनौती है। इस चुनौती से पार पाना इतना आसान भी नहीं है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, खेतों में अंधाधुंध रसायनों के प्रयोग से उत्पादन जरूरत अच्छा होता है, लेकिन गुणवत्ता काफी हद तक प्रभावित हो जाती है। भौतिकतावादी युग में लोग फ्रोजेन वस्तुओं का सेवन करने लगे हैं, जो शरीर के लिए बहुत नुकसानदायक है। बिना मौसम वाली सब्जियों और फलों के सेवन से परहेज करें।वृद्ध के साथ नौजवान, बच्चे व महिलाएं भी सेहत पर ध्यान दें। खान-पान शुद्ध न होने के कारण कम उम्र के बच्चों के विकास पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ता है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा देश में दस वर्ष में मेडिकल कालेजों की संख्या डबल हो गई है।आपका शरीर स्वस्थ तो समझिए आप काफी दौलतमंद हैं। यदि शरीर अस्वस्थ है तो कोई पैसा काम नहीं आता। पैसे से सिर्फ दवाएं खरीदी जा सकती हैं, लेकिन पहले जैसा स्वास्थ्य नहीं। केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा, 2014 से पहले देशभर में 350 मेडिकल कालेज (छह दशक में) थे, आज उनकी 750 (सिर्फ एक दशक में)हो गई है। एम्स खुल रहे हैं। मेडिकल सुविधाओं में इजाफा किया जा रहा है।

जीवन की रक्षा कर रहा आयुष्मान कार्ड : आज उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जनपद को मेडिकल कालेज से जोड़ा जा रहा है। देश की जनता को स्वस्थ रखने के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार के द्वारा न सिर्फ अस्पताल, मेडिकल कालेज खोला जा रहा है, बल्कि जरूरतमंदों को आयुष्मान कार्ड के जरिए सालाना पांच लाख रुपये के मुफ्त इलाज की सुविधा भी दी जा रही है। आंकड़े बताते हैं कि आयुष्मान कार्ड ने हजारों गरीबों की जान बचाई है। जिन्होंने कार्ड के जरिए भारी भ?कम इलाज करवाया है।

अपना दल (एस) ने किया केंद्रीय मंत्री का भव्य स्वागत : इसके पूर्व डा. कैलाश हास्पिटल के संचालक और संस्थापक डॉ कैलाश सिंह और प्रबंधक आनंद जी राठौर ने केंद्रीय मंत्री को माला,प्रतीक चिन्ह,बुके और अंगवस्त्रम पहनाकर जोरदार स्वागत किया। प्रबंधक आनंद जी राठौर ने सभी अतिथियों और स्थानीय लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके पूर्व अपना दल(एस) के साथ-साथ भाजपा के पदाधिकारियों, कार्यकताओं ने अनुप्रिया पटेल का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर बारा विधायक डॉ वाचस्पति, डॉ कैलाश नाथ अरविंद द्विवेदी,आर पी सिंह, भानु प्रताप सिंह, राम सिंह,सुभाष सिंह,जवाहर सिंह,राममनोहर पटेल,गुड्डू पटेल,बुलबुल, इंद्रजीत,जमील खां के साथ ब्लाक अध्यक्ष, तहसील अध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्ष समेत तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे। संचालन डॉक्टर प्रभाकर त्रिपाठी ने किया।

प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग द्वारा एसडब्लूएम कन्ट्रोल रूम तथा नगर निगम भवन का किया गया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। शनिवार को साय काल को प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग अमृत अभिजात द्वारा एवं स्थानीय निकाय निदेशक अनुज झा द्वारा नगर निगम द्वारा मरम्मत करायी जा रही पुरानी बिल्डिंग का निरीक्षण किया गया एवं नगर निगम स्थित जन सुविधा केन्द्र से शहर के नागरिकों को प्रदान की जा रही सेवाओं का भी अवलोकन किया गया, साथ ही नगर निगम, प्रयागराज द्वारा कराये जा रहे सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट, एवं अन्य कार्यों के कउळ इंरी मॉनीटरिंग हेतु नगर निगम प्रयागराज के स्मार्ट सिटी के कार्यालय स्थापित एसडब्लूएम कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए तैयार किये गये समस्त जनसुविधा हेतु की मॉनीटरिंग की गयी जिसमें नगर निगम की लॉगिन के साथ सिटीजन लॉगिन का भी अपलीकेशन देखा गया। स्थानीय निकाय निदेशक अनुज झा द्वारा प्रयागराज के नगर निगम नवसृजित/ विस्तारित क्षेत्र में

स्थानीय निकाय निदेशक अनुज झा द्वारा सम्पति सर्वेक्षण एवं कर निर्धारण पुस्तिका का विमोचन

स्थित व्यवसायिक एवं आवसीय सम्पत्यिों का विगत महीनों में किये गये सर्वेक्षण एवं कर निर्धारण के सम्बन्ध में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी0के0 द्विवेदी की टीम द्वारा तैयार की गयी रिर्पोट/बुकलेट का विमोचन भी किया गया।निदेशक महोदय द्वारा पुस्तिका के अवलोकन करने के उपरान्त यह उद्धृत करते हुए कि नगर निगम द्वारा स्मॉल ब्लाक वाइज भवनों के सर्वेक्षण एवं कर निर्धारण से नगर निगम को जितना अधिक अर्थिक को विकसित करने में सफलता प्राप्त होगी उसी मात्रा में श्रेत्रीय नागरिको के लिए जनसुविधाएं उपलब्ध कराये जाने का मार्ग सुगम होगा। नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज चन्द्र मोहन गर्ग द्वारा वर्तमान में नगर निगम प्रयागराज के स्वच्छता अभियान में निभाए जा रहे ऐप द्वारा की जा रही मॉनीटरिंग एवं ए0आई0 के नई तकनीकि की मदद से बुझी हुई स्ट्रीट लाइटों के चिन्हांकन, मार्गो पर किये गये अतिक्रमण का चिन्हांकन, मलवा निस्तारण एवं कूडे के ढेर की पहचान करते हुए उसके निस्तारण के प्रयास के बारे में विस्तृत प्रकाश डाला गया। नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग द्वारा नागरिको की सहायता हेतु स्थापित कराए गये जन सुविधा केन्द्र के बहुददेशीय कार्यो के निर्वाहन हेतु समस्त अपलीकेशन के बारे में प्रमुख सचिव महोदय को विषयवार वस्तृत जानकारी दी गयी। नगर आयुक्त द्वारा दी गयी जानकारी का बृहद स्क्रीन पर ऐप चलाकर स्टेप-टू-स्टेप जानकारी स्मार्ट सिटी में तैनात ई0वाई कन्सर्टेण्ट मो0तारिक, प्रभात यादव तथा सुश्री वंशिका श्रीवास्तव द्वारा प्रमुख महोदय के सामने प्रदर्शित किया गया। उनके द्वारा प्रेजेन्टेशन करते हुए बताया गया कि कन्ट्रोल रूम के माध्यम से नगर क्षेत्र की साफ सफाई, अतिक्रमण, अवैध विज्ञापन एवं स्ट्रीट लाईट की मॉनीटरिंग सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट एवं अन्य जन सुविधाओं हेतु कराये जा रहे कार्यों की ऑन लाईन मॉनीटरिंग हेतु स्थापित एस0डब्लू0एम0 कन्ट्रोल रूम में उन्नत तकनीक का उपयोग कर मॉनीटरिंग करायी जा रही है साथ ही कन्ट्रोल रूम के माध्यम से कचरे के कलेक्शन एवं ट्रान्सपोर्टेशन, पोर्ट स्टेशन कचरा प्रोसेसिंग, माप-तौल, बीट के अनुसार सफाई कार्य, पार्कों के निर्माण एवं साफ-सफाई, शौंचालयों की साफ-सफाई, नाला सफाई, विज्ञापन एवं अन्य नागरिक सुविधाएं जो नगर निगम, प्रयागराज द्वारा जनहित में करायी जा रही है की मॉनीटरिंग ऑन लाईन की जा रही है। नगर निगम के प्रोसेसिंग प्लान्ट पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित हैं, आईसीसीसी इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से पोर्ट स्टेशन की सफाई और सड़क सफाई गतिविधियों की निगरानी करायी जा रही हैं। भविष्य की योजनाओं में विज्ञापनों और आवारा जानवरों की निगरानी के लिए इस प्रणाली का विस्तार करना शामिल है। एसडबलूएम कन्ट्रोल रूम के माध्यम से करायी जा रही ऑन लाइन मॉनीटरिंग से शहर की स्वच्छता में व्यापक सुधार प्राप्त हो रहा है। उक्त के उपरान्त प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग श्री अमृत अभिजात जी द्वारा वाकी-टॉकी पर नगर निगम प्रयागराज के समस्त अधिकारियों विशेष कर सफाई व्यवस्था में लगे सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को महाकुम्भ 2025 के आयोजन में सफाई जैसे महत्वपूर्ण विषय को सफलापूर्वक निर्वाहन करने हेतु विशेष मैसेज भी दिया गया। जिसका लाभ आने वाले समय में सम्पूर्ण नगर निगम प्रयागराज एवं महाकुम्भ 2025 की व्यवस्था में शहर की स्वच्छता बनाए रखने में प्राप्त होगी। उपरोक्त ऐप प्रजेन्टेशन के दौरान प्रमुख सचिव महोदय के साथ निदेशक स्थानीय निकाय अनुज झा, नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग, दीपेन्द्र यादव, अरविन्द राय मुख्य अभियन्ता सतीश कुमार, संजय कटियार, पीके द्विवेदी पर्यावरण अभियन्ता उत्तम कुमार वर्मा, कर अधीक्षक राकेश कुमार एवं दिलीप श्रीवास्तव अवर अभियन्ता राम सक्सेना सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

सज धज के साथ निकली राम बारात, झांकियां देख भाव विभोर हुए लोग

प्रयागराज। शनिवार को हाथी राम पजावा की राम बारात सजधज के साथ, निकली इसमें दर्जनों डीजे रोड लाइन और झांकियां थी, सभी झांकियां अपने प्रदर्शनों से भक्तजनों को आकर्षित कर रही थी सीता का स्वयंवर की झांकियां लोगों ने विशेष पसंद किया हनुमान जी गदा लेकर लेकर आगे आगे चल रहे थे, भक्ति गीत राम जी ना चले हनुमान के बिना पर सभी मगन थे काली जी का स्वांग लोगों को आकर्षित कर रही थी ढोल ताशा पार्टी नगाड़ा और डमरू वादकअपने हुनर को प्रदर्शित कर रहे थे राम और सीता जी की सवारी भक्त जनों के बीच पहुंचते ही लोग हाथ जोड़कर नमन कर रहे थे जय सियाराम का जयकारे लगा रहे थे । राम बारात में मोहन जी टंडन गोपाल दास पंडित दिगंबर नाथ त्रिपाठी गौरी शंकर वर्मा भरत कनौजिया सुशांत, केसरवानी डाबर भाई मुसाब खान शगुन साहिल अरोरा, आदि हजारों राम भक्त शामिल हुए । कोतवाली पुलिस शाम से ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने में लगी हुई रही ।

मानस रामलीला में धनुषयज्ञ, परशुराम लक्ष्मन संवाद का हुआ मंचन

नैनी। नैनी शनिवार को मानस रामलीला समिति अभिमन्यु मैदान में आदर्श रामलीला कला मन्दिर के महंत छठीलाल सिंह चदेल के कलाकारों द्वारा फुलवारी, धनुष यज्ञ, परशुराम लक्ष्मण संवाद का मंचन किया गया। श्री राम साजन लक्ष्मण अरविंद दुबे और सीता गौरव ओझा के कुशल कलाकारों द्वारा प्रस्तुतिकरण हुआ। रामलीला मैदान में बैठे सभी रामभक्तों ने कर्तलधवनि से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि डफरिन हास्पिटल चीफ मनोज कुमार सिंह और पूर्वांचल समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार यादव ने भगवान् श्री राम की आरती किया। संरक्षकगण सत्य प्रकाश यादव राजू सुनील पांडे सुशील यादव कोतवाल कुलदीप शुक्ला राणा संरक्षक राकेश श्रीवास्तव, सयोजक वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव, अध्यक्ष धीरेंद्र यादव धीरू, महामंत्री नयन कुमार कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा, उपाध्यक्ष पंडित वीरेंद्र शर्मा, राज सिंह, कोषाअध्यक्ष प्रदीप तिवारी, संजय जयसवाल, मीडिया प्रभारी संजय श्रीवास्तव आदि शामिल रहें।

राम सीता विवाह रामराज अभिषेक की घोषणा का मंचन हुआ

नैनी। नैनी क्षेत्र में शनिवार को सार्वजनिक रामलीला समिति ट्रस्ट स्वदेशी कॉटन मिल के द्वारा रामलीला का मंचन ध्वनि एवं प्रकाश के माध्यम से जिसमें सीता राम विवाह की लीला का अत्यंत मनोहारी मंचन हुआ। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दर्शकों को आनंदित करने में सफल रहा। तत्पश्चात भगवान राम और माता सीता का विवाह होता है। रामलीला समिति के पदाधिकारी एवं क्षेत्र के पार्षद राकेश जयसवाल व उनकी पत्नी आकांक्षा जायसवाल ने पूर्ण विधि विधान से भगवान राम सीता की आरती उतार कर आशीर्वाद लिए। वही मंचन को देखते हुए दर्शक भोर विभोर हो गए। जिसमें मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष व पार्षद राकेश जायसवाल, डायरेक्टर प्रिया मिश्रा, प्रमोद सिंह, योगेश सिंह, अजय यादव, अजय श्रीवास्तव, आलोक सिंह, धनंजय सिंह, बृजेश सिंह, सुरेश पटेल, संदीप द्विवेदी, ऋषि कुमार पाण्डेय, आनंद शर्मा, रवीन्द्र त्रिपाठी, राजीव वर्मा, शिव तिवारी, रजत दूबे, विनोद यादव, जय कृष्ण तिवारी, रितेश शुक्ला, सचिन वैश्य, बंटी पटेल, धर्मराज पटेल, दिनेश केसरवानी मोनू जायसवाल, आदि लोग मौजूद रहे।

परशुराम लक्ष्मण संवाद एवं राम विवाह का मंचन हुआ

नैनी। नैनी श्री अवंतिका रामलीला में शनिवार को परशुराम लक्ष्मण संवाद एवं सीता राम विवाह की लीला का अत्यंत मनोहारी मंचन हुआ। परशुराम लक्ष्मण संवाद प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दर्शकों को आनंदित करने में सफल रहा। इस वर्ष के परशुराम लक्ष्मण संवाद की विशेषता यह रही कि परशुराम का चरित्र श्री अवंतिका रामलीला समिति के व्यवस्थापक संजय चतुर्वेदी ने निभाया और दर्शकों ने उनके प्रदर्शन को खूब सराहा।परशुराम जी जब राम जी की वास्तविकता से परिचित हो जाते हैं तो वह उनकी वंदना करके अपने धाम को चले जाते हैं। तत्पश्चात भगवान राम और माता सीता का विवाह होता है। रामलीला समिति के पदाधिकारी एवं क्षेत्र के प्रतिष्ठित भागवताचार्य राजेंद्र शुक्ल ने पूर्ण विधि विधान से भगवान सीता राम का विवाह संपन्न कराया। रामलीला में प्रमुख रूप से बी बी दुबे, अवधेश पांडेय, बी बी सिंह, आर के शुक्ला, राकेश त्रिपाठी, चंद्रा इंस्टीट्यूट के निदेशक वागेश पाण्डेय एवं साधना पांडेय, अनंत झा, गोविंद दुबे, धीरज मिश्रा, अरुण त्रिपाठी, दशरथ प्रसाद मिश्रा, राजेश मिश्रा, राधेश्याम तिवारी, अंबरीश दुबे, राम गोपाल शंखधर, बजरंगी, बिल्लू आदि उपस्थित रहे।

40 फीट के रावण पंडितों के द्वारा बनाया जा रहा है

नैनी। नैनी अरैल में महर्षि महेश योगी आश्रम के विद्वान पंडितों के द्वारा बनाया जाए रावण का प्रतिबिंब जो 40 फीट का रावण का प्रतिबिंब बनेगा दशहरे की शुभ अवसर पर दसवीं के दिन रावण पुतला दहन किया जाएगा जो महर्षि महेश योगी आश्रम परिसर मैदान में दहन किया जाएगा यह प्रतिबिंब महर्षी आश्रम के विद्वान पंडित कलाकारों के द्वारा बनाया जा रहा है मुख्य रूप से निरंजन पाणिग्रही सचिन पांडा सत्यनारायण दत्त वेद प्रकाश मिश्रा संजय गोविंद अजय पांडा आशीष मिश्रा स्मृति रंजन द्विवेदी रमेश महापात्र कलाकारों के द्वारा निर्मित पंडितों के द्वारा प्रतिबिंब मीडिया प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने बताया हर वर्षो की भांति इस वर्ष भी रावण का पुतला दहन किया जाएगा।

तेज आंधी व पानी में घर पर पीपल का पेड़ गिरने से बच्ची की मौत

माता-पिता और भाई भी हुए हैं घायल, हालत नाजुक

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। शनिवार देर शाम अचानक मौसम बदल गया। तेज आंधी और बारिश में यमुना नगर के घूरपुर थानांतर्गत इरादतगंज बाजार स्थित शिव मंदिर के पास बने दो कमरे के पुराने मकान के पीछे खड़ा विशाल पीपल का पेड़ मकान पर गिर गया। जिसमें एक बच्ची की मौत हो गई। पति-पत्नी और बेटा गंभीर रूप से घायल हैं। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।यमुनानगर के घूरपुर थाना अंतर्गत इरादतगंज बाजार में रहने वाले ठंठन तिवारी के मकान के पीछे एक बहुत पुराना पीपल का पेड़ था। शनिवार को दोपहर से अचानक मौसम में परिवर्तन हुआ तेज आंधी के साथ हल्की बारिश हुई। इसी आंधी में वह पीपल का पेड़ ठंठन तिवारी के दो कमरों के मकान पर गिर गया। जिससे मकान पूरी तरह से धराशाई हो गया। लोगों ने मलबे से सभी को निकाला : इस मकान में रहने वाले दंपति ठंठन तिवारी (40) और सन्नो तिवारी (35) अपने दो बच्चों लक्ष्मी (6) और शिवा (8) के साथ दब गए। स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद सभी को मलबे से बाहर निकाला गया। मगर तब तक 6 वर्षीय लक्ष्मी की मौत हो चुकी थी।सूचना के बाद मौके पर भूतपूर्व थाने की पुलिस और अधिकारी पहुंच गए। एंबुलेंस बुलाई गई। सभी को अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टर ने बच्ची लक्ष्मी के मौत की पुष्टि की। ठंठन तिवारी, उनकी पत्नी सन्नो और बेटे शिवा को गंभीर चोटें आईं। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद सभी को स्वरूप रानी अस्पताल रेफर कर दिया गया। जबकि बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटना के बाद से पूरे गांव में मातम छाया हुआ है।

पूरी भव्यता के साथ आज निकलेगा नयापुरा करैली का रामदल

प्रयागराज। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रविवार 6 अक्टूबर को पूरी भव्यता के साथ श्री राम बारात कमेटी प्रियर्दशनी नगर नयापुरा करैली का रामदल निकाला जाएगा। जिसमें कमेटी के अध्यक्ष कौशाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि ध्वनि प्रकाश, मनमोहक चौकी और झांकिया आकर्षण का केन्द्र होगी।वही राम बारात पार्क में 2 अक्टूबर से 5 अक्टूबर तक रामलीला का भव्य मंचन देखने को जनमानस उमड़ पड़ा है। वही कमेटी के मुख्य सक्रिय सदस्य के रूप में काम कर रहे विजस सिंह ने बताया कि श्री राम का आदर्श सामाजिक समरसता, विनम्र संस्कार एवं उत्तम राजनैतिक प्रशासन को प्रेरित करता है। 65 कलाकारो ने महीनों रिहर्सल कर सफल मंचन किया।कमेटी के संस्थापक अजय पाण्डेय, संचालक कौशल सिंह, रवि केसरवानी, विजय सिंह, प्रमोद भाई (दीपू), राजकुमार त्रिपाठी, पार्षद दिग्वजय कुशवाहा, सुभाष कुशवाहा, एसपी श्रीवास्तव,पुनीत वर्मा, विमलेश सोनकर,संजय कुशवाहा साहित आदि लोग शामिल रहे।

उरूवा के कोटहा बीआरसी में जमुना पार के समस्त विकास खण्ड हेतु मेजरमेंट कैम्प का हुआ आयोजन

प्रयागराज। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज प्रवीण कुमार तिवारी के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 05 अक्टूबर 2024 को समग्र शिक्षा के अंतर्गत समेकित शिक्षा के तत्वाधान में एलिम्को कानपुर के सहयोग से दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण एवं उपस्कर उपलब्ध कराए जाने हेतु मापन शिविर का आयोजन ब्लाक संसाधन केंद्र उरूवा पर आयोजित किया गया। कैंप में कुल 214 बच्चों का परीक्षण किया गया, तथा कैंप में लगभग 180 दिव्यांग बच्चों को उपकरण/उपस्कर चिन्हित किए गए जिसमें पीएम श्री योजना अंतर्गत 14 बच्चों को उपकरण एवं उपस्कर चिन्हित किया गया। उक्त कैंप में विकास पाण्डेय जिला समन्वयक समेकित शिक्षा , एलिम्को कानपुर पुनर्वास विशेषज्ञ रामानंद, गजेंद्र कुमार एवं राजीव कुमार, ऑडियोलॉजिस्ट विकास वर्मा, कैलाश सिंह खण्ड शिक्षा अधिकारी मेजा, राजेश कुमार यादव खण्ड शिक्षा अधिकारी उरूवा समस्त स्पेशल एजुकेटर विनोद मिश्रा, कमलेश, अमरेश ,इत्यादि व राजेन्द्र यादव फिजियोथैरेपट, एवं बीआरसी उरूवा के समस्त स्टाफ रोहित तिवारी ने अपना विशेष सहयोग प्रदान किया।अन्त में विकाश पाण्डेय जिला समन्वयक (समेकित शिक्षा) ने ब्लाकों से आये हुए दिब्यांग बच्चों को जलपान कराया व कैम्प में सहयोग के लिए सभी कर्मियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

मनकामेश्वर मंदिर के महंत से कहा- डीएम बोल रहा हूं, सचिव जो कहे उसे कर दीजिए

प्रयागराज। जिलाधिकारी बनकर मनकामेश्वर मंदिर के मंहत से धोखाधड़ी करने की कोशिश की गई। पहले खुद डीएम बनकर बात की और फिर निजी सचिव बनकर कहा कि डीएम साहब के गृह जनपद में मंदिर बन रहा है, इसमें सहयोग दीजिए। चौंकाने वाली बात यह कि महंत के मोबाइल स्क्रीन पर डीएम के सीयूजी नंबर से कॉल आई। पुलिस अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुटी है।मनकामेश्वर मंदिर के आचार्य रामचंद्र शुक्ला की ओर से इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। उन्होंने पुलिस को बताया कि दो अक्तूबर को दोपहर 03:37 मिनट पर जिलाधिकारी के अधिकृत मोबाइल से एक कॉल मंदिर के महंत श्रीधरानन्द ब्रह्मचारी महाराज के पास आई। उनके मोबाइल में डीएम का नंबर सेव था, ऐसे में उन्होंने कॉल रिसीव कर ली। फोन उठाते ही दूसरी ओर से खु को जिलाधिकारी प्रयागराज बताकर पहले हालचाल लिया। फिर कहा कि हमारा निजी सचिव कुछ बोलेगा, उसको देख लीजिएगा। इसके बाद शाम चार बजे एक अंजान नंबर से कॉल आई। फोन करने वाले ने कहा कि जिलाधिकारी से आपकी बात हुई है। इस संबंध में यह कहना है कि उनके गृह जनपद में एक मंदिर बनाया जा रहा है। इसमें आप सहयोग करिये और इतना कहकर फोन काट दिया।

साइबर सेल जांच में जुटी : कुछ देर बाद दोबारा फोन आया। इस बार महंत के पूछने पर फोन काट दिया जाता है। थोड़ी देर बाद एक अन्य नंबर से कॉल आई, जिसमें वह अपना नाम प्रवीण बताता है। जब उससे पूछा जाता है कि किस प्रकार का सहयोग मांग रहे हो, तो वह फिर फोन काट देता है।मामला संदिग्ध लगने पर इस मामले की लिखित शिकायत कीडगंज थाने में की गई। जिस पर धोखाधड़ी की धाराओं में अज्ञात में एफआईआर दर्ज कर ली गई। डीसीपी नगर अभिषेक भारती ने बताया कि मामले में साइबर सेल व साइबर थाना की भी मदद ली जा रही है। जांच पड़ताल चल रही है और उन नंबरों से घटना में शामिल लोगों को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है।

शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार किए गए तीन अभियुक्त

प्रयागराज। पुलिस उपायुक्त नगर व सहायक पुलिस आयुक्त धूमनगंज के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिह के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 राजेश यादव मय पुलिस टीम के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के अहमदपुर असरौली निवासी अहकर उम्र लगभग 22 वर्ष पुत्र अशरफ अली, शऊद फैसल उम्र 28 वर्ष पुत्र माशूकउद्दीन, शेरू उर्फ एहसानुल हसन उम्र 28 वर्ष पुत्र अबरार अहमद उपरोक्त लोगों शांति भंग की सम्भावना पर धारा 170/126/135 बीएनएसएस में गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

विद्युत पोल पर कार्य कर रहे कर्मचारी को जेसीबी ने मारा टक्कर, दो घायल

नैनी। नैनी कोतवाली अंतर्गत शुक्रवार की दोपहर दशहरे की तैयारी को लेकर विद्युत कर्मचारी खंभे पर चढ़कर तार बदलने का कार्य कर रहे थे उसी दौरान एक जेसीबी चालक ने तेज रफ्तार से खंभे के पोल में टक्कर मार दिया जिससे कि खंभे के पोल पर चढ़ा हुआ कर्मचारी नीचे गिर गया और सुनील यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। पास में ही मौजूद मोना पाल को भी गंभीर चोट आई है। घटना के बाद शंकरढाल के समीप स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई जहां जेसीबी ड्राइवर ने दोनों के उपचार के लिए पैसा देकर चला गया।

शहर में आज रहेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

महाकुंभ के कार्यों की करेंगे समीक्षा

प्रयागराज। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ आज प्रातः 10:00 बजे प्रयागराज आयेंगे। तत्पश्चात मुख्यमंत्री जी संगम नोज, अक्षयवट, पातालपुरी, सरस्वती कूप एवं हनुमान जी के मंदिर के कार्यों का निरीक्षण करेंगे। मुख्यमंत्री जी परेड में महाकुम्भ-2025 के प्रबन्धन एवं व्यवस्थाओं के सम्बंध में प्रस्तुतीकरण, सभी 13 पूज्यनीय अखाड़ों, खाक-चौक परम्परा, दण्डीबाड़ा परम्परा, आचार्यबाड़ा परम्परा व प्रयागवाल के पदाधिकारियों/ प्रतिनिधियों के साथ संवाद करेंगे। तत्पश्चात मुख्यमंत्री जी आईसीसीसी सभागार में महाकुम्भ-2025 के प्रबंधन एवं व्यवस्थाओं के सम्बंध में प्रस्तुतीकरण, महाकुम्भ के कार्यों की समीक्षा, महाकुम्भ 2025 के लोगो/ वेबसाइट एवं मोबाइल एप/भूमि एवं सुविधा एप्लीकेशन का अनावरण करेंगे तथा पुलिस विभाग द्वारा यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था का प्रस्तुतीकरण देखेंगे।वही भारद्वाज आश्रम, आईईआरटी सेतु का निरीक्षण करेंगे। तथा पूज्य शंकराचार्य आश्रम, ब्रम्हा निवास, अलोपीबाग में श्री स्वामी वासुदेवानन्द सरस्वती जी महाराज से भेंट करेंगे। लेप्रोसी चौराहे से नैनी रेलवे स्टेशन रोड़, नैनी रेलवे स्टेशन रोड़ से छिवकी रेलवे स्टेशन रोड व आदि वेणी माधव मंदिर अरैल का निरीक्षण करेंगे। मुख्यमंत्री जी अपरान्ह 04:20 बजे प्रयागराज से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

न्यूज झरोखा

मंत्री नन्दी ने पूर्व विधायक के घर जाकर अर्पित की श्रृद्धांजलि

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने पूर्व विधायक श्रीमती नीलम करवरिया के निधन के पश्चात शुक्रवार की देर रात कल्याणी देवी स्थित उनके आवास पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त किया। ईश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। मंत्री नन्दी ने कहा कि पूर्व विधायक नीलम करवरिया ने अपने कार्यकाल में जनसरोकारों के लिए, क्षेत्र के विकास के लिए सक्रियता के साथ काम किया। उनका निधन मेजा विधानसभा क्षेत्र ही नहीं बल्कि पूरे प्रयागराज के लिए अपूरणीय क्षति है।

नैनी में फूलमंडी के समीप सड़क किनारे दिखा अजगर

नैनी। नैनी क्षेत्र के फूलमंडी के समीप शनिवार की दोपहर एक विशालकाय अजगर सड़क के किनारे दिखा। जिससे कि वहाँ थोड़ी देर के लिये अफरा तफरी मचा रहा। मिली जानकारी के अनुसार नैनी थाना क्षेत्र के फूलमंडी के समीप शनिवार को सड़क के किनारे एक विशालकाय अजगर अपने जबड़े के अंदर एक बकरी के आधे हिस्से को अपने मुंह मे रखे हुए था। उस दौरान बकरी जोर जोर से चिल्ला रही थी। इस दरमियान उधर से गुजर रहे लोग और स्थानीय लोगो की नजर उस विशालकाय अगजर पर पड़ी और काफी प्रयास के बाद उस बकरी को अजगर के जबड़े से निकला उसके बाद जाल के सहारे अजगर को पकड़कर उसे घने जंगल मे छोड़ दिया। स्थानीय लोगो के अनुसार अजगर की लंबाई लगभग दस फिट थी।

डेंगू का खतरा, अब तक 87 मरीज, शहरी इलाके में ज्यादा मिले रहे संक्रमित



प्रयागराज। प्रयागराज में डेंगू का खतरा लगातार बढ़ रहा है। अभी तक डेंगू के 87 मरीज मिल चुके हैं जो एलाइजा जांच में संक्रमित मिले हैं। इन मरीजों में ज्यादातर शहरी क्षेत्र के रहने वाले हैं। शहरी क्षेत्र में अभी तक 64 तो ग्रामीण क्षेत्र में 23 मरीज मिल चुके हैं। यहां प्रतिदिन 6 से 8 मरीज नए मिल रहे हैं। डेंगू संक्रमित होने वाले ज्यादातर मरीजों की उम्र लगभग 25 से 50 वर्ष तक की है।दरअसल, शहरी क्षेत्र में ज्यादा डेंगू के केस मिलने की वजह यहां की सफाई व्यवस्था और छिड़काव न होना भी है। जगह-जगह कूडे.का ढेर लगे रहते हैं लेकिन नगर निगम सफाई तक नहीं करा पा रहा है। मम्फोर्डगंज स्थित सेंट जोसेफ गर्ल्स कॉलेज के ठीक बगल में काफी दिनों से कूड़ा कचरा फेंका जा रहा है। जबकि यहां बीमारी का खतरा सबसे ज्यादा है।

कांग्रेसी नेता के घर सांत्वना देने पहुँचे सांसद उज्जवल रमन सिंह

नैनी। नैनी क्षेत्र के पुराने वरिष्ठ कांग्रेस नेता रहें राधेश्याम तिवारी नैनी बाजार में आवास पर कांग्रेस के सांसद उज्जवल रमन सिंह शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने पहुँचे। उनके पुत्र सुरेश तिवारी, राजेश तिवारी सहित पूरे परिवार को दुःख की घड़ी में आश्वस्त किया की हम सभी आपके साथ हैं। इस मौके पर प्रतिनिधि विनय कुमार कुशवाहा, नयन कुमार कुशवाहा, राकेश श्रीवास्तव, धीरेंद्र यादव धीरू, राजकुमार कुशवाहा, व्यापार मंडल के राहुल जायसवाल आदि लोग रहें।

स्प्लेंडर गाड़ी और नगदी के साथ वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

प्रयागराज। गोवध कर मांस बिक्री वाले हत्यारे को पूरामुफ्ती पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अभियुक्त भैंस चोरी करके भैंस का वध करता था उसके बाद मांस की बिक्री करता था। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी की एक स्प्लेंडर बाइक और 14,500 रुपए बरामद हुआ। पुलिस उपायुक्त नगर के निर्देशन व सहायक पुलिस आयुक्त धूमनगंज के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 राजेश यादव मय हमराह पुलिस टीम के साथ दिनांक 05.10.2024 को क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर तिवारी तालाब से अहमदपुर असरौली जाने वाले मार्ग पर प्राथमिक विद्यालय के पास से वाछिंत अभियुक्त सैफुद्दीन उर्फ सैफ पुत्र भैया निवासी उजहिनी आईमा गोदाम थाना संदीपनघाट जनपद कौशाम्बी उम्र करीब 21 वर्ष को गिरफ्तार किया।

कार्यालय ग्राम पंचायत तेवतिया खुर्द , वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/ 2024-25

टेण्डर/कोटेशन

दिनांक :05.10.2024

स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण) फेज 2 /SLWM योजना अन्तर्गत मनरेगा / पंचम वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत तेवतिया खुर्द विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन/प्राक्लन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 06–10–2024 से दिनांक 19–10–2024 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं । नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 20–10–2024 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 20–10–2024 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नांकित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी. एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर भी उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य में उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

क्र0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत श्रम एवं सामग्री अंश	कार्य पूर्ण की अवधि
1.	कचरा वाहन (साइकिल रिक्शा) 1 नग	35000 हजार	3 माह
2.	R .R. C. Segregation Shed एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र 1 नग	3.50 लाख	3 माह
3.	हैंडपम्प पर सोकपिट एवं सेनेटरी इम्प्रूवमेंट 5 नग

आबादी की भूमि पर विपक्षी जबरिया कर रहे कब्जा

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। आबादी की भूमि पर विपक्षी जबरिया कर रहे है कब्जा। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सदहा गांव निवासी सुभाष चंद्र ने पुलिस से शिकायत करते हुए आरोप लगाया है। पीड़ित के आबादी नंबर 333 पर वह अपने पूर्वजों के समय काबिज है। उक्त आबादी की भूमि पर विपक्षी सरहंगई के बल पर कब्जा कर रहे है तथा जबरिया फर्जी कागज पर बेच रहे है। पीड़ित जब विरोध करता है तो उक्त लोग आमादा फौजदारी हो जाते है। पीड़ित को शनिवार को उसी आबादी के विवाद में मारने पिटने के लिए उक्त लोग दौड़ा लिए। पीड़ित वहां से भाग कर अपनी जान बचाया। मामले की शिकायत लेकर पट्टी कोतवाली पहुंचा। विपक्षियों के खिलाफ नामजद शिकायती पत्र देते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

डीएम ने विद्युत विभाग के कार्यो की समीक्षा कर दिये दिशा निर्देश

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कैम्प कार्यालय के सभागार में विद्युत विभाग के कार्यो की समीक्षा कर विद्युत अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने बैठक में कहा कि विद्युत अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आम जनमानस के फोन को न उठाने की काफी शिकायतें मिल रही है जिस पर विद्युत विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि आम जनमानस के फोन उठाये जाये इसे गम्भीरता से लिया जाये अन्यथा सम्बन्धित के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। उन्होने निर्देशित किया कि यदि ट्रान्सफार्मर खराब होते है तो शासन द्वारा निर्धारित अवधि के अन्दर ट्रान्सफार्मर को बदलने या मरम्मत का कार्य किया जाए। आंधी, तूफान, वर्षा आदि कारणों से विद्युत आपूर्ति यदि बाधित होती है सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुँचकर आवश्यक कार्यवाही करें जिससे विद्युत आपूर्ति चालू हो सके। मौसम विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का संज्ञान लेते हुये समय से पूर्व तैयारी कर लें ताकि खराब मौसम के दौरान विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से चालू हो सके। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि ढीले व जर्जर तारों व खराब पोलों को बदल दिया जाये जिससे विद्युत सम्बन्धी दुर्घटनायें न होने पाये। उन्होने कहा कि जिन विद्युत उपभोक्ताओं के बिल बकाया है और नही जमा किये जा रहे है ऐसे उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काट दिये जाये। शासन की मंशा के अनुरूप दिशा निर्देशों का पालन किया जाये और रोस्टर के अनुसार विद्युत की आपूर्ति लोगों को मिलती रहे। बैठक में अधीक्षण अभियन्ता विद्युत सत्यपाल, समस्त अधिशासी अभियन्ता विद्युत, एसडीओ व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

किसान निधि वितरण का कृषि विज्ञान केन्द्र पर हुआ सजीव प्रसारण

किसानों को वितरित किये गये मिनी किट

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 18वीं किस्त का हस्तांतरण वाशिम, महाराष्ट्र से किया गया जिसका सजीव प्रसारण कृषि भवन सभागार व समस्त विकास खण्डों तथा कृषि विज्ञान केन्द्र में किया गया।

इस कार्यक्रम में जनपद के कृषकों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। प्रधानमंत्री के सम्बोधन के उपरान्त वैज्ञानिक वार्ता की गयी, जिसमें कृषकों को कृषि से सम्बन्धित नवीनतम जानकारी दी गयी तथा कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों द्वारा कृषकों को मिनी किट का वितरण कराया गया। इस मौके पर उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने कहा कि कृषकों को केन्द्र व प्रदेश सरकार उत्पादन बढ़ाने के लिये किसानों को नई नई तकनीक की जानकारी वैज्ञानिकों द्वारा दी जा रही है। इसका किसानों को लाभ मिलेगा। इस मौके पर सलाहकार सुनील सिंह, अजय कुमार सिंह, किसान निधि प्रभारी ध्रुव कुमार व विभाग के समस्त अधिकारी एंव कर्मचारी उपस्थित रहे।

किसानों को मिनी किट देते अधिकारी।

मूर्तियों के विसर्जन के लिये जलाशय की खुदाई शुरु

आज रविवार को तैयार हो जाएगा विसर्जन स्थल

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। शहर एवं आसपास के स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिये नगर पालिका जलाशय बना रही है। इसकी खुदाई आज मानव तन मंदिर के समीप शुरु हो गई है। एक दिन पूर्व इस स्थल का निरीक्षण एडीएम त्रिभुवन वर्मा ने किया था।

इसके दूसरे दिन ही जलाशय की खुदाई शुरु कर दी गई। इसकी खुदाई जेसीबी से की जा रही है। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि अधिशाषी अधिकारी राकेश कुमार के निर्देश पर यह खुदाई का कार्य कल रविवार तक पूरा कर लिया जाएगा। यह जलाशय इतना बड़ा बनाया जा रहा है जिससे लगभग 250 मूर्तियों का विसर्जन इसमें हो सके। नगर पालिका के प्रशासक/जिलाधिकारी संजीव रंजन के निर्देश पर नगर पालिका धार्मिक पर्वों के आयोजनों को सकुशल पूरा करने के लिये समयबद्ध कार्यक्रम करने के निर्देश दिये थे जिसके तहत यह जलाशय तैयार किया जा रहा है। बता दें कि ज्यादातर मूर्तियां दशहरे के दिन विसर्जित होती हैं। कुछ मूर्तियां भरत मिलाप के बाद विसर्जित की जाती हैं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर अब दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन नदियों में नहीं किया जाता है। इसके लिये ऐसी ही वैकल्पिक व्यवस्था की जाती है।

जेसीबी से विसर्जन स्थल की खुदाई करते नपा कर्मी।

अधिवक्ताओं की गिरफ्तारी को लेकर साथियों ने दूसरे दिन भी किया विरोध प्रदर्शन

समाधान दिवस में सीओ व कोतवाल की नहीं हो सकी मौजूदगी

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। तहसीलदार के कोर्ट में मारपीट तथा गालीगलौज को लेकर एससीएसटी, हत्या के प्रयास, गैंगेस्टर समेत विभिन्न धाराओं में दर्ज मुकदमें में दो अधिवक्ताओं की गिरफ्तारी के बाद से अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश बना हुआ है। संघ के अध्यक्ष समेत दो अधिवक्ताओं की गिरफ्तारी को लेकर शनिवार को दूसरे दिन भी अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में तालाबंदी करके जमकर नारेबाजी की। हालांकि बाद में वरिष्ठ अधिवक्ताओं के समझाने बुझाने पर गेट का ताला खोल दिया गया।

संयुक्त अधिवक्ता संघ के महामंत्री सूर्यकांत निराला के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने समाधान दिवस पर आये एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा से भी गिरफ्तारी को लेकर खासी नाराजगी जताते हुए पुलिस की इस कार्रवाई को अमानवीय करार दिया। वहीं आक्रोशित अधिवक्ताओं ने समाधान दिवस में पहुंचे एएसपी पश्चिमी संजय राय से साफ तौर पर कहा कि तहसील परिसर में समाधान दिवस पर सीओ रामसूरत सोनकर व कोतवाल नीरज यादव का प्रवेश होने पर उनका विरोध करेंगे। इस पर सीओ व कोतवाल समाधान दिवस में नही आये। वही नाराज अधिवक्ताओं ने सीओ कोतवाल व प्रभारी निरीक्षक बाघराय प्रदीप कुमार के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की। बता दें कि बीते वर्ष 2016 में छब्बीस दिसंबर को लालगंज कोर्ट में मुकदमें की सुनवाई कर रहे तत्कालीन तहसीलदार ठाकुर प्रसाद से अधिवक्ताओं की कहासुनी हो गयी थी। इसे लेकर तत्कालीन तहसीलदार ठाकुर प्रसाद ने लालगंज कोतवाली में चार नामजद तथा बीस पचीस अज्ञात अधिवक्ताओं के खिलाफ केस दर्ज किया था। तहसीलदार ठाकुर प्रसाद की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अधिवक्ताओं के खिलाफ हत्या के प्रयास, बंधक बनाकर गालीगलौज तथा दलित उत्पीड़न एवं सरकारी कामकाज में बाधा समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया था। घटना को लेकर उस समय पुलिस ने संयुक्त अधिवक्ता संघ के तत्कालीन अध्यक्ष राव वीरेन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। तत्कालीन डीएम डॉ. आदर्श सिंह के निर्देश पर नामजद आरोपी अधिवक्ताओं पर पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट का भी केस दर्ज कर लिया था। इसके बाद से पुलिस अन्य आरोपी अधिवक्ताओं की तलाश में जुटी थी। कोर्ट के आदेश पर फरार चल रहे नामजद अधिवक्ताओं के घर कुर्की भी की थी। बीते गुरूवार की रात पुलिस ने मौजूदा अध्यक्ष संदीप सिंह व पूर्व अध्यक्ष राव वीरेन्द्र को गिरफ्तार कर शुक्रवार को दोनों अधिवक्ताओं को जेल भेज दिया गया। अधिवक्ताओं ने गिरफ्तारी को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन जारी रखने की बात कही है। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकरनाथ शुक्ल, उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी, पूर्व अध्यक्ष अजय शुक्ल गुडडू, शैलेन्द्र सिंह, आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

तहसील परिसर में विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता।

राजा उदय प्रताप के सचिव निर्भय सिंह ने लोकपाल मनरेगा से की मुलाकात

अखंड भारत संदेश

कुण्डा, प्रतापगढ़। कुंडा तहसील के भदरी रियासत के बड़े महाराज राजा उदय प्रताप सिंह के सचिव निर्भय सिंह ने लोकपाल मनरेगा समाज शेखर से मिलकर उनके द्वारा हो रहे प्रयास की सराहना करते हुए बधाई दी। साथ ही कुंडा क्षेत्र में आगामी भ्रमण के दौरान भदरी क्षेत्र में भी पधारने हेतु आमंत्रित किया।

निर्भय सिंह ने महाराज के मार्गदर्शन मे किये जा रहे जन सेवा व प्रकृति प्रेम के कार्यो की रूप रेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा की प्रकृति व गाँव के सामूहिक संपतियों व संसाधनों का विकास मनरेगा द्वारा संचालित हो जिससे गाँव विकसित हो सके। उन्होंने लोकपाल मनरेगा से दुवर नदी सहित सभी प्राकृतिक नालो को जनोपयोगी बनाने हेतु मनरेगा से

क्षेत्र के प्राकृतिक संसाधनो को मनरेगा से विकसित करने की मांग

कार्य कराये जाने की मांग की। पौधों के रोपण व संरक्षण में मनरेगा योजना प्रभावी कदम उठाये जाने की भी बात कही। जिस पर लोकपाल समाज शेखर ने उन्हे आश्वस्त किया की कुंडा के प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण हेतु प्रभावी कदम उठाये जायेंगे। उन्होंने वायदा किया की कुंडा की अगली विजिट में वह भदरी क्षेत्र सहित सभी प्रमुख स्थलों पर आकर अपेक्षित कार्यो को प्रभावी बनाया जायेगा। लोकपाल ने कहा की पर्यावरणविद व जनसेवक बड़े महाराज श्री उदय प्रताप सिंह जी का भी मार्गदर्शन प्राप्त किया जायेगा। निर्भय सिंह के साथ के कुंडा क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार विनोद मिश्र मौजूद थे।

श्री रामलीला समिति ने निकाली मुनि आगमन ताड़का वध की झांकी

प्रभु ने किया ताड़का का वध भक्तो ने लगाए जयकारे

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। श्री रामलीला समिति द्वारा आज की लीला में मुनी आगमन एवं ताड़का वध की झांकी निकाली गई थी। लीला में मुनि यज्ञ कर रहे थे और राक्षसगण यज्ञ में विघ्न डाल रहे थे। प्रभु श्री राम ने राक्षसों का संघार कर ताड़का का वध करने की लीला को देखने राम भक्तों की भीड़ उमड़ रही थी। भक्तों में महिलाएं और बच्चे झांकी को देखकर मंतमुग्ध हो रहे थे।

आज की लीला का रथ गोपाल मंदिर से भरत चैक होते हुए सदर बाजार से वापस सिप्टैन रोड होते हुए वाचनालय से बाबागंज होते हुए रेलवे स्टेशन से वापस पंजाबी मार्केट होते हुए गोपाल मंदिर जाकर विश्राम हुए। आज की लीला झांकी के साथ चल रहे संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, संयोजक दिनेश सिंह दिन्नू, मंत्री विपिन गुप्ता, श्याम शंकर सिंह, कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता, धर्मेंद्र चैरसिया, विष्णु सोनी, शिवम खंडेलवाल, बंटी नेता, राहुल सोनी आदि उपस्थित रहे। बता दें कि रविवार को लीला में फुलवारी लीला धनुष यज्ञ की लीला की झांकी निकाली जाएगी।

ताड़का वध की झांकी निकालते कलाकार।

स्कूल से घर लौट रहे छात्र को दबंगों ने लाठी-डंडे से पीटा

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। स्कूल से वापस घर लौटते समय छात्र को गांव के ही दबंगों ने लाठी व डंडे से पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ई सारी सैफ खान गांव के रहने वाले बालकुमार यादव पुत्र रामजीत ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि वह क्षेत्र के पृथ्वीपाल सिंह इंटर कॉलेज में पढ़ता है। शुक्रवार को विद्यालय में छुट्टी होने पर वह वापस घर लौट रहा था इस दौरान रास्ते में पहले से घात लगाकर बैठे दबंग युवकों ने उसे पकड़ लिया और लात-घूंसे व लाठी-डंडों से जमकर मारा पीटा जिससे उसे गंभीर रूप से चोटें आई हैं। पीड़ित छात्र परिजनों संग मामले की शिकायत देर शाम लेकर कोतवाली पहुंचा। पुलिस को गंभीर आरोपों की नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत पर कोतवाली पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

पड़ोसी महिला ने वृद्धा को ईंट से पीटा

पट्टी, प्रतापगढ़। घर के बगल मल-मूत्र त्याग करने का विरोध करने पर पड़ोसी महिला ने वृद्धा को लात-घूंसों व ईंट से पीटकर घायल कर दिया। मामले की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की गई है। कस्बे के कुम्हिया मोहल्ले के रहने वाले कालीचरन ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके रसोई घर के बगल पड़ोस में किराए पर रहने वाली महिला ने मल-मूत्र त्याग दिया। जब वृद्ध महिला सोना देवी (55) ने विरोध किया तो आरोप है कि उसे पड़ोसी महिला ने लात-घूंसों व ईंट से पीट कर घायल कर दिया जिससे उसके पर कर हाथ आदि में गंभीर चोटे आई हैं। पीड़ित महिला मामले की शिकायत लेकर कोतवाली पहुंची और पुलिस को नामजद शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत पर कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

मिशन शक्ति के बारे में छात्राओं को दी गई जानकारी

जीजीआईसी में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। महिलाओं और बेटियों को सुरक्षा सम्मान और स्वालंबन हेतु प्रारंभ मिशन शक्ति के पांचवें चरण में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य गीता के कुशल नेतृत्व और अध्यक्षता में डॉ मोहम्मद अनीस उप प्रधानाचार्य की कुशल संचालन और संयोजन में मिशन शक्ति के पांचवें चरण के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें छात्राओं के साथ संवाद स्थापित किया गया और उन्हें मिशन शक्ति के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एंटी रोमियो प्रभारी प्रीति कटियार रहीं। विशिष्ट अतिथि में प्रतिभा मैडम, एंटी रोमियो स्क्वाड रही। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। इस अवसर पर छात्राओं से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें बताया गया कि मिशन शक्ति के माध्यम से बेटियों और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उनको उनको स्वालंबन प्रदान करने के लिए, उनको जागरूक करने के लिए और उनकी सुरक्षा करने के लिए पूर्ण रूप से संकल्पित है। समाज में भय मुक्त वातावरण के निर्माण के साथ-साथ नारियों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक और सचेत किया जा रहा है। इसके अंतर्गत मातृशक्ति को संबल प्रदान करने के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण तथ्य आदि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। साथ ही साथ महत्वपूर्ण नंबरों को भी छात्राओं को जैसे 181 घरेलू हिंसा, 1090 वीमेन हेल्पलाइन, 1998 चाइल्ड हेल्पलाइन, 276 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपात सेवा, 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन, 101 अग्निशमन सेवा, महिला हेल्प डेस्क, शक्ति मोबाइल, 1930 साइबर अपराध निरोधक सेल के बारे में बताया गया।

मिशन शक्ति के बारे में जानकारी देतीं एंटी रोमियो प्रभारी प्रीति कटियार।

धार्मिक स्थलों पर पुलिस ने किया भ्रमण

प्रतापगढ़। पुलिस कप्तान डॉ अनिल कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह के निर्देश पर एण्टी रोमियो प्रभारी प्रीति कटियार लगातार शारदीय नवरात्र को देखते हुए धार्मिक स्थल मंदिरों पर पहुंचकर आसपास के गतिविधियों पर बराबर नजर बनाए हुए हैं जिससे दर्शन पूजन करने वाले श्रद्धालु सुरक्षित रहे। मंदिर के आसपास घूम रहे संदिग्ध लड़कों से पूछताछ की जा रही है। मंदिर के आसपास इतनी भारी पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था देखकर टपोरी एवं मनचले इधर-उधर भागते नजर आ रहे हैं। एसपी के कड़े तेवर से अपराधियों में एवं अराजक तत्व में हड़कंप मचा हुआ है।

वज्रपात से ट्रांसफार्मर जला, पंद्रह दिन से गांव में अंधेरा

पट्टी, प्रतापगढ़। 15 दिन पूर्व हुई तेज बारिश के साथ हुए वज्रपात के चलते ट्रांसफार्मर जल गया। जिसके चलते ग्रामीणों को खासी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। तहसील क्षेत्र के भाटी गांव में बारिश के दौरान हुए वज्रपात से ट्रांसफार्मर जल गया। जिसके चलते गांव के सैकड़ो घरों की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। सूचना के बावजूद भी विद्युत कर्मियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। मामले की शिकायत गांव के रहने वाले अधिवक्ता शिवाकांत पांडेय ने समाधान दिवस में करते हुए आरोप लगाया कि 15 दिन से गांव की आपूर्ति ट्रांसफार्मर जलने से बाधित है सूचना के बावजूद मौके पर विद्युत विभाग के जिम्मेदार नहीं पहुंचे।

बैनामे की जमीन पर कब्जे को लेकर सीओ से लगायी गुहार

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। बैनामे की जमीन पर कब्जा न मिलने से परेशान पीडित ने ग्रामीणों के साथ सीओ कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार की है।

लीलापुर थानान्तर्गत सिंधौर शमशेरगंज गांव निवासी रमजान अली ने सीओ को दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसने वर्ष 2021 में पांती हरिहरपुर कैलहा निवासी रामकरन सरोज पुत्र रामप्रसाद की चैदह बिस्वा जमीन का बैनामा अपनी पत्नी सलमा के नाम लिया था। पीडित का आरोप है कि विक्रेता ने जमीन का दाखिल खारिज होने में आपत्ति लगाकर भी उससे पैसे ऐंठे। आरोपी द्वारा जमीन पर कब्जा देने में भी दो लाख रूपये की मांग की गयी। मना करने पर आरोपी ने पीड़ित के खिलाफ लीलापुर थाने में फर्जी मुकदमा दर्ज करा दिया है। पीड़ित ने गांव के राजाराम, राजेन्द्र, महमूदआलम, गिरजा देवी, अनीता, सुखदेव, राजकुमार आदि के साथ सीओ रामसूरत सोनकर को शिकायती पत्र सौंपा। पीडित ने आरोपी के कब्जे से उसकी बैनामे की जमीन पर उसको कब्जा दिलाने तथा उस पर दर्ज फर्जी मुकदमें को समाप्त कराए जाने की गुहार लगायी है। सीओ ने लीलापुर एसओ नरेन्द्र सिंह को जांच कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिये हैं।

सड़क पर पड़ा मिला अज्ञात अधेड़ का शव

लालगंज, प्रतापगढ़। संदिग्ध दशा में अधेड़ का शव मिलने से हडकंप मच गया। मृतक की शिनाख्त न होने पर पुलिस ने अज्ञात में शव को पीएम हाउस भेजवाया है। लालगंज कोतवाली के निधई का पुरवा मेढ़ावां सड़क मार्ग के किनारे शनिवार सुबह करीब छः बजे पचास वर्षीय एक अधेड़ का शव पड़ा मिला। मार्निग वाक पर निकले ग्रामीणों ने सड़क किनारे शव पड़े देखा तो इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे मे लेकर कोतवाली ले आयी। काफी छानबीन के बाद भी मृतक की शिनाख्त नही हो सकी है। कोतवाल नीरज यादव ने बताया कि मृतक के शव को अज्ञात में पीएम हाउस भेजवाया गया है। मृतक की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

तहसील चायल में डीएम एसपी ने जनशिकायतों को सुनकर गुणवत्तापूर्ण समयान्तर्गत निस्तारित करने के दिए निर्देश

कौशाम्बी। जिले के सभी तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तहसील चायल में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को तहसील दिवस एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण/समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी शिकायत लम्बित न होने पाये।सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 72 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। समाधान दिवस में शिकायतकर्ता सोहन लाल, श्रीनाथ एवं पंक्षीलाल निवासी ग्राम-बसुहार द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि प्रार्थीगणों को 2016 में पट्टा आवंटित हुआ था, उस पर कब्जा भी किया जा चुका हैं, किन्तु चौकी इंचार्ज द्वारा बार-बार कब्जा हटाने के लिए डराया धमकाया जाता है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। इसी प्रकार शिकायतकर्ती शकुन्तला देवी (ग्राम प्रधान) निवासिनी ग्राम-घूरी लोही द्वारा प्रार्थना पत्र के माध्यम से ग्रामसभा की मेन रोड पर जलभराव की समस्या से अवगत कराया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी को जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें शिकायतकर्ता राहुल कुमार साहू निवासी ग्राम-बेनीराम कटरा द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि सड़क चौड़ीकरण में मुआवजा सूची में पैसा कम दशार्या गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने सक्षम अधिकारी को जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। तहसील मंझनपुर में कुल 35 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा तहसील सिराथू में कुल 35 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 04 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।इस अवसर पर प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार एवं उप जिलाधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में शिक्षण सम्बन्धी प्रतियोगिता का आयोजन

कौशाम्बी पंचम राज्य स्तरीय कला, क्राफ्ट एवं पपेट्री के माध्यम से 5 अक्टूबर को शिक्षण सम्बन्धी प्रतियोगिता का आयोजन सुश्री निधि शुक्ला उप शिक्षा निदेशक प्राचार्य के नेतृत्व में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर के सभागार में हुआ ।इस प्रतियोगिता का उदघाटन डायट प्राचार्य सुश्री निधि शुक्ला के द्वारा किया गया नोडल राजेंद्र कुमार भारतीय कला प्रवक्ता ने अवगत कराया कि इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल मे बी डी मिश्रा सुश्री सबनम सिद्दीकी दिनेश कुमार यादव कौशलेंद्र मिश्रा देवेश कुमार यादव प्रमोद कुमार सेठ के द्वारा प्राथमिक स्तर भाषा में महवश फतीम प्राथमिक विद्यालय तारापुर नेवादा गणित विषय में अजय कुमार सिंह प्राथमिक विद्यालय गरौली सरसवा,उच्च प्राथमिक स्तर विज्ञान विषय फिरदौस फातिमा उच्च प्राथमिक विद्यालय कसिया प्रथम मूरतगंज सामाजिक विज्ञान में नायाब अंजुम उच्च प्राथमिक विद्यालय करारी मंझनपुर ,गणित विषय में श्वेता शर्मा कंपोजिट विद्यालय उमरछा मूरतगंज प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डायट कौशाम्बी ने सभी विजेता को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी कला, क्राफ्ट एवं पपेट्री के माध्यम से शिक्षण कार्य को प्रभावशाली बना सकते हैं। इसका शिक्षण में अधिक से अधिक प्रयोग करने से छात्रों को मूर्त रूप सिखाया जा सकता है। इस प्रतियोगिता के संयोजक राजेन्द्र कुमार भारतीय रहे। इस अवसर पर धीरज कुमार,नारेंद्र कुमार शबीह मुस्तफा सुरेश चंद्र मिश्र, देवेंद्र कुमार मिश्र संदीप तिवारी सहित समस्त प्रवक्तागण एवं प्रतिभागी उपस्थित रहें।

न्यूज झरोखा

सरायं अकिल में दुर्गा पाण्डाल एवं रामलीला मैदान का डीएम ने निरीक्षण कर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

जिलाधिकारी ने राम विश्राम स्थल चरवा में राम जूठा तालाब एवं बट वृक्ष का निरीक्षण तालाब की साफ-सफाई कराने के दिये निर्देश

कौशाम्बी जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने सरायं अकिल में दुर्गा पाण्डाल एवं रामलीला मैदान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हांने रामलीला कमेटी से बात-चीत कर साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कमेटी से कहा कि रामलीला हॉल मे दर्शकों को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पायें। जिलाधिकारी ने राम विश्राम स्थल, चरवा का निरीक्षण कर राम जूठा तालाब एवं बट वृक्ष को देखा। उन्हांने राम जूठा तालाब में फैली जलकुम्भी को हटवाकर उसकी साफ-सफाई कराने के साथ ही तालाब का सौन्दर्यीकरण कराये जाने के निर्देश दियें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर पंचायत की सरकारी भूमि-चारागाह/बंजर पर हुए अवैध कब्जे को हटवाये जाने के निर्देश अधिशासी अधिकारी को दियें इस अवसर पर उप जिलाधिकारी योगेश कुमार गांड, नायब तहसीलदार अंकिता पाठक एवं ईओ चरवा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

विश्व शिक्षक दिवस पर सम्मानित हुए विद्यासागर मौर्य

महेवाघाट कौशांबी जिले के थांबा अलावलपुर निवासी विद्यासागर मौर्य विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर बागपत सांसद डॉ राजकुमार सांगवान के हाथों "डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन सम्मान" से सम्मानित किए गए। वर्तमान में विद्यासागर मौर्य बागपत जनपद के शाहमल स्मारक इंटर कॉलेज में हिंदी के अध्यापक पद पर नियुक्त हैं इससे पहले भी इन्हें गौरव सम्मान 2022 और कई सम्मान प्राप्त हो चुके हैं।आज दिनांक 05 अक्टूबर 2024 को विश्व शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में चौधरी केहर सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट, बड़ौत द्वारा एक शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी एवं राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारत के 22 राज्यों से उत्कृष्ट शिक्षकों को सर्वपल्ली डॉ० राधाकृष्णन सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद बागपत डॉक्टर राजकुमार सांगवान विशिष्ट अतिथि अश्विनी तोमर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बड़ौत, पंकज वर्मा अपर जिलाधिकारी अमरचंद वर्मा उप जिलाधिकारी बागपत उपस्थित रहे।

महामहिम राज्यपाल द्वारा मंजीत दिवाकर को गोल्ड मेडल से किया गया पुरस्कृत

भरवारी कौशाम्बी भरवारी के मंदीप कुमार दिवाकर ने चंद्र शेखर आजाद कृषि विश्व विद्यालय कानपुर में ट. रू. एग्रीकल्चर कोर्स को प्रथम स्थान (गोल्ड मेडल) प्राप्त कर उत्तीर्ण किया है। यूनिवर्सिटी में आयोजित दीक्षांत समारोह में उ०प्र० की महामहिम राज्यपाल द्वारा मंजीत दिवाकर को गोल्ड मेडल से पुरस्कृत किया गया। निःसंदेह परिवार को ही नही पुरे समाज के लिए यूनिवर्सिटी में डबल गोल्ड मेडलिस्ट होना पूरे जनपद के लिए बहुत गौरवान्वित करने वाला पल है। आपने अपने परिवार के साथ साथ अपने पूरे समाज का सर गर्व से ऊँचा हुआ है। परिवार वालों ने निरंतर बाबा साहब अम्बेडकर के जीवन को आदर्श मानते हुए उनके मार्गदर्शन मे ऐसे ही आगे बढ़ें और भविष्य में किसी बड़े आयाम को प्राप्त करें। इसी आशीर्वाद के साथ हम सब आपके उज्जवल भविष्य की कामना किया

भवन्स मेहता विद्याश्रम में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

भरवारी कौशाम्बी भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी में 5 अक्टूबर को प्राथमिक कक्षाओं में पढ़ने वाले बच्चों के बीच सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता दो अलग अलग ग्रुप में आयोजित की गई जिसका शुभारंभ प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्र के दीप प्रज्वलन एवं संबोधन के साथ प्रारंभ हुआ ।प्रतियोगिता का आरंभ सबसे पहले प्राइमरी के कक्षा एक एवं कक्षा दो के मालवीय हाउस,मेहता हाउस,मुंशी हाउस और नेहरू हाउस के छात्रों के बीच 5 राउंड में हुई जिसमे अनेक तरह के प्रश्न पूछे गए जिसमे से मालवीय हाउस ने बेस्ट स्कोर करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया,मुंशी हाउस ने द्वितीय एवं मेहता हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।इसी क्रम में प्रतियोगिता के दूसरे ग्रुप जो कि कक्षा 3 से कक्षा 5 में पढ़ने वाले बच्चों के बीच हुआ जिसमे से मेहता हाउस ने ज्यादातर प्रश्नों के सही जवाब देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया,मालवीय हाउस को द्वितीय एवं मुंशी हाउस को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ ।प्रतियोगिता के अंत में प्रधानाचार्य ने विजेता हाउस के सभी छात्रों को बधाई एवं पुरस्कार की घोषणा करते हुए सभी सहयोगी अध्यापकों को धन्यवाद ज्ञापित किया प्रतियोगिता का संचालन राकेश कुमार सिंह ने किया प्रतियोगिता में रश्मि पाठक, रजनी श्रीवास्तव,अंकिता पटेल, प्रियांशू मिश्र,सौरभ प्रजापति सहित समस्त शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

भागवत श्रवण करने से मिलता है मोक्ष

चरवा,कौशाम्बी। क्षेत्र में चल रही सप्त दिवस की कथा की प्रथम दिवस की द्वितीय वेला में पूज्य अतुल महाराज द्वारा कथा वाचन में आए हुए श्रद्धालुओं से निवेदन किया गया की भागवत ही मोक्ष का मूल साधन है ज्ञान की दृष्टि से तो बहुत सारे शास्त्र और पुराण सनातन धर्म में हैं, परंतु मोक्ष की दृष्टि से भागवत ही सर्वश्रेष्ठ है। भागवत सुनने से जीव पावन हो जाता है, मां का मातृत्व पूर्ण हो जाता है जिस भूमि पर भागवत होती हैं, वह भूमि पुण्यशील हो जाती हैं। और स्वर्ग में विराजमान पितृगण भी धन्य हो जाते हैं। वह संतान धन्य है जो अपने मां के स्तनों को पान कर माता-पिता के मोक्ष हेतु भागवत का आयोजन करता है। इस जीवन में भागवत के आयोजन से अधिक श्रेष्ठ परमार्थ का कोई कार्य नहीं। भागवत कथा के आयोजन से हजारों लाखों श्रद्धालुओं को कथा सुनकर के उनके हृदय को तृप्ति होती है शीतलता प्राप्त होती है। इसलिए भागवत सुनने और सुनाने का कलयुग में श्रेष्ठ महत्व बताया गया है। कथा में क्षेत्रवासी विद्यमान रहे।

ई-रिक्शा से टकराई कार तीन घायल

कौशांबी पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के भगत पुरवा के पास कार और ई रिक्शा के बीच टक्कर हो गई है जिससे हादसे में मैकू लाल निवासी भवनसुरी रिंकू पटेल निवासी मवाई और संजीव निवासी मंझनपुर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई है सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई है सूचना पाकर मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों के इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है।

हाइवे पार कर रही मासूम को ट्रक ने कुचला, हुई मौत

अझुवा कौशांबी सैनी कोतवाली क्षेत्र के विजईपुर गांव में शनिवार की शाम हाईवे पार कर रही मासूम बालिका को बेकाबू ट्रक ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। हादसे से नेशनल हाईवे का एक लेन करीब आधे घंटे तक जाम रहा। घटना के बाद चालक फरार हो गया। गुस्साए ग्रामीणों ने खलासी को पीटकर पुलिस के हवाले कर दिया। विजईपुर गांव प्रयागराज-कानपुर नेशनल हाईवे के किनारे स्थित है। हाईवे के किनारे ही गांव के विनोद पटेल का मकान है। वह किसान हैं। विनोद की पांच वर्षीय बेटी खुशबू शनिवार शाम हाईवे पार कर रही थी। इस दौरान कानपुर से प्रयागराज की ओर जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसे कुचल दिया। मासूम ट्रक के अगले पहिये के नीचे दब गई। दुर्घटना देख आसपास के लोग दौड़े। हालांकि, इससे पहले ही चालक फरार हो गया। गुस्साए लोगों ने खलासी से ट्रक को बैक कराकर पहिये के नीचे दबी मासूम को किसी तरह बाहर निकाला। सिराथू के निजी अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। लोगों ने खलासी की जमकर पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। घटना के बाद भीड़ इक्ट्ठा होने से हाईवे पर जाम लग गया। एक लेन पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम में फंसे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बाद में पुलिस ने ट्रक को किनारे कराकर मार्ग बहाल कराया। मासूम का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे से परिवार वालों की रो-रोकर हालत खराब है।

विभागाध्यक्ष आईजीआरएस की शिकायत का निस्तारण करते समय आख्या फोटो सहित ही लगायें : डीएम

अखंड भारत संदेश

जिलाधिकारी ने अधिकारियों/ लेखपालों एवं कानून-गो के साथ बैठक कर आईजीआरएस के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का लिया फीडबैक

कौशाम्बी। चायल तहसील दिवस के तत्पश्चात जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा अधिकारियों/लेखपालों एवं कानून-गो के साथ आईजीआरएस के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के सम्बन्ध में बैठक की गई।बैठक में जिलाधिकारी द्वारा तहसील स्तर पर लम्बित शिकायतों के फीडबैक की जानकारी प्राप्त की गई, फीडबैक असंतुष्ट पाया गया,

जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाय एवं सभी फीडबैक अवश्य लियें जाय। उन्होंने कहा कि तहसील स्तर पर तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं सम्बन्धित थाने के थानाध्यक्ष सप्ताह में 2-3 शिकायतों को मौके पर स्वयं जाकर चेक करें तथा सत्यापन भी करें। उन्हांने लेखपालों एवं कानून-गो को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर प्रकरण डिफाल्टर न होने पाये। इसके साथ ही उन्हांने कहा कि विभागाध्यक्ष आईजीआरएस की शिकायत का निस्तारण करते समय आख्या फोटो सहित अवश्य लगायें। निस्तारण की आख्या प्राप्त करने के बाद अधिकारी शिकायतकर्ता से स्वयं वार्ता कर फीडबैक प्राप्त करें। उन्हांने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यदि कोई शिकायत आपके विभाग की नहीं है, तो उसे उसी दिन सम्बन्धित विभाग को प्रेषित किया जाय एवं संयुक्त रूप से उसका निस्तारण कराया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में अक्सर लिख दिया जाता है कि प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन/स्टे है, ऐसी स्थिति में आप लोग प्रकरण की स्पष्ट आख्या ही लगायें, कि प्ररकरण किन कारणों से न्यायालय में विचारधीन/स्टे हैं। उन्हांने कहा कि आईजीआरएस की शिकायत शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में एक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदाशीनता क्षम्य नहीं होगी इस अवसर पर उप जिलाधिकारी योगेश कुमार गोंड, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार अंकिता पाठक सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

दुर्गा पंडाल में लाउडस्पीकर की तार जोड़ते समय करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी कोखराज थाना क्षेत्र के हिसामपुर परसखी गांव के शत्रुघ्न पुत्र अमरनाथ पटेल उम्र 35 वर्ष घर के पास में लगे दुर्गा पंडाल में शनिवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे लाउडस्पीकर की तार जोड़ रहा था। अचानक वह करंट की चपेट में आकर झुलस गया। वहां पर मौजूद लोग उसे आनन फानन में इलाज अस्पताल ले गए। जहां पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद कोखराज पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शत्रुघ्न पटेल मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता था इसके तीन बच्चे है पत्नी शर्मिला देवी बच्चे आदित्य 7 वर्ष अजीत 5 वर्ष रंजीत 2 वर्ष का रो रो कर हाल बेहाल है।

सड़क हादसे में दम्पत्ति सहित बहन घायल

कौशांबी। करारी थाना क्षेत्र के अमीनपुर सवरो के पास बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए हैं जिन्हें इलाज के लिए एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया है जानकारी के मुताबिक राजकरण पुत्र रघुराज सिंह निवासी गौरा तैयबपुर मंझनपुर अपनी पत्नी शकुंतला और बहन सुमन को बाइक से लेकर जा रहा था जैसे ही अमीनपुर सवरो करारी के पास वहां पहुंचा सड़क हादसे का शिकार हो गया है तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं मौके पर लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई है मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने तीनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है जहां घायलों की हालत गंभीर है।

सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

कौशांबी। चरवा थाना क्षेत्र के बरौलहा निवासी बाइक सवार राममिलम पुत्र सूबेदार कोखराज थाना क्षेत्र में सड़क हादसे का शिकार हो गए हैं हादसे के बाद मामले की सूचना एंबुलेंस को दी गई है मौके पर पहुंचे एंबुलेंस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है

सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोग घायल

कौशांबी। सराय अकिल थाना क्षेत्र के बहुगुरा गांव निवासी आशीष कुमार दिवाकर पुत्र राम आसरे अपने साथी राम भवन पुत्र गुलाब सिंह निवासी अम्बारी के साथ बाइक से कहीं जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार करारी थाना क्षेत्र के म्योहर के पास पहुँचे सड़क हादसे के शिकार हो गए हैं जिससे बाइक सामान दोनों लोग सड़क पर गिर कर घायल हो गए आसपास के लोगों ने मामले की सूचना थाना पुलिस और एम्बुलेंस को दी है मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

झाड़ू लेकर फोटो खिंचवाने वाले कहां गए नेता अधिकारी नवरात्र पर सफाई व्यवस्था धड़ाम

कौशाम्बी। जिधर देखो उधर फोटो छपास रोगी अधिकारी नेता झाड़ू पकड़ कर फोटो खिंचवाकर साफ सफाई व्यवस्था का दम्भ भर रहे थे लेकिन नवरात्रि के पावन पर्व पर नगर पालिका परिषद मंझनपुर में सफाई व्यवस्था धड़ाम हो गई है कुछ मोहल्ले में शुक्रवार से ही सफाई बंद है तो कुछ मोहल्ले में शनिवार की सुबह सफाई कर्मी नहीं आया है जिससे पूरे नगर पालिका क्षेत्र में जगह-जगह कूड़े का ढेर लगा हुआ है कई स्थानों पर देवी प्रतिमाएं स्थापित है मंदिरों में भक्तों की भीड़ लग रही है लेकिन देवी प्रथम स्थापित स्थल और मंदिर के अगल-बगल आसपास कूड़े का ढेर लगा हुआ है नगर पालिका का कहना है कि सफाई कर्मियों ने हड़ताल कर दिया है लेकिन सवाल उठता है कि नवरात्रि पर्व पर ही सफाई कर्मी क्यों हड़ताल करते हैं बीते नवरात्रि पर्व पर भी सफाई कर्मियों ने हड़ताल कर दिया था बीते पर्व पर 3 दिन नगर पालिका क्षेत्र की सफाई व्यवस्था बंद थी आखिर हिंदुओं की आस्था के नवरात्रि के पावन पर्व पर सफाई व्यवस्था बंद करने के पीछे क्या मनसा है अन्य पर्व त्योहारों पर सफाई व्यवस्था नहीं बंद होती है अन्य त्योहारों पर तीन दिन पहले से साफ सफाई शुरू कराई जाती है पूरे नगर क्षेत्र में चूना का छिड़काव किया जाता है लेकिन नवरात्रि के पर्व पर साफ सफाई व्यवस्था बंद कर दी गई है चूना का छिड़काव भी नहीं हुआ है अन्य पर्व पर अधिकारी मॉनिटरिंग करते हैं लेकिन नवरात्रि पर्व पर सफाई व्यवस्था बंद हो गई है झाड़ू पकड़ कर फोटो खिंचवाने वाले नेता और अधिकारी कहीं झाड़ू लेकर सफाई करते नहीं देखे गए हैं जिससे इन अधिकारियों के फोटो छपास रोग का अंदाजा लगाया जा सकता है जिला स्तर से लेकर तहसील ब्लाक स्तर तक के अधिकारी यदि हाथ में झाड़ू लेकर के नगर की सफाई करने के लिए सड़क पर उतर आए तो एक घंटे के अंदर नगर की गली सड़क और मंदिर के आसपास साफ सफाई हो जाएगी और नगर क्षेत्र चकाचक होगा लेकिन झाड़ू पकड़कर साफ सफाई के नाम पर फोटो खिंचवाने वाले अधिकारी नेता नगर की गंदगी को साफ करने के लिए सड़क पर नहीं दिखाई पड़ रहे हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से लेकर महात्मा गांधी के जन्मदिन तक साफ सफाई अभियान चलाए जाने का निर्देश सरकार ने दिया था सुबह सफाई कर्मी सफाई कर देता था उसके बाद तब तो तमाम नेता अधिकारी झाड़ू पकड़ कर फोटो खिंचवाते थे और दावा करते थे कि वह सफाई अभियान में शामिल है लेकिन जब वास्तविकता में सफाई कर्मियों ने हड़ताल कर दिया है तो कोई अधिकारी नेता सफाई करने के लिए सड़क पर झाड़ू लेकर सफाई करते नहीं दिखाई पड़ रहा है।

सफाई न होने से नाराज रामलीला कमेटी के लोगों ने दिया धरना

कौशांबी। मंझनपुर कस्बे सहित रामलीला प्रांगण में शनिवार को साफ सफाई न होने से नाराज कमेटी के लोगों ने धरना प्रदर्शन किया और नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मामले की जानकारी मिलते ही नगर की ईओ प्रतिभा सिंह मौके पर पहुंची और धरना समाप्त कराने का प्रयास किया, लेकिन कमेटी के लोगों ने साफ सफाई न होने तक धरना समाप्त करने से इंकार कर दिया। नगर पालिका में अध्यक्ष व ईओ की खींचतान के चलते शनिवार को सफाई कर्मियों ने कार्य का बहिष्कार कर दिया। इससे नगर के प्रत्येक मोहल्ले में कूड़ा उठान नही हुआ और न ही साफ सफाई की गई। वहीं, रामलीला प्रांगण में सफाई न होने से गंदगी देख कमेटी के लोग बिफर पड़े। नाराज कमेटी के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष आशीष केसरवानी बच्चा व महामंत्री पंकज गामा की अगुवाई में वहीं धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। ईओ के पहुंचने पर जब बात नही बनी तो एडीएम अरूण कुमार गोंड मौके पर पहुंचे और कमेटी के पदाधिकारियों से बात की। एडीएम के निर्देश पर सफाई कर्मियों ने रामलीला प्रांगण की साफ-सफाई की, जिसके बाद कमेटी के लोगों ने धरना समाप्त किया।

एन.डी. कान्वेंट स्कूल एंड एंड कॉलेज,भरवारी में प्री-प्राइमरी पीटीएम और नन्हें कदम ऊंची उड़ान कार्यक्रम का आयोजन

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। एनडी कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज के प्री-प्राइमरी सेक्शन में एक विशेष दिन था जहाँ नन्हे कदम ऊंची उड़ान शीर्षक से एक शानदार कार्यक्रम और पीटीएम (अभिभावक-शिक्षक बैठक) का आयोजन शनिवार को किया गया। छोटे बच्चों के ये नन्हे कदम उनके उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ने के प्रतीक हैं, और यह कार्यक्रम उनके सपनों को उड़ान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था।पीटीएम में अभिभावकों की भागीदारीपीटीएम के दौरान, अभिभावकों और शिक्षकों ने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति और व्यक्तिगत विकास पर विचार-विमर्श किया। अभिभावकों ने अपने बच्चों की पढ़ाई और अतिरिक्त गतिविधियों में उनकी प्रगति पर खुलकर चर्चा की। शिक्षकों ने भी बच्चों की सकारात्मक प्रगति और उनकी प्रतिभाओं को अभिभावकों के साथ साझा किया, जिससे बच्चों को और बेहतर दिशा देने में मदद मिली कार्यक्रम के दौरान छोटे बच्चों ने अपने रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। इन प्रस्तुतियों ने बच्चों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और उत्साह को उजागर किया। बच्चों ने नृत्य, गीत और नाटकों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया, जिसे देखकर अभिभावक और शिक्षक दोनों ही भावविभोर हो गए।भविष्य के लक्ष्यरनन्हे कदम ऊंची उड़ानर कार्यक्रम ने यह दशार्या कि बच्चे अपने कौशल और मेहनत से जीवन में ऊंचाइयां छूने के लिए तैयार हैं। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के चेयरमैन निवर्तमान विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि यह दिन प्रेरणा का स्रोत बना, जिससे बच्चों को अपने भविष्य की ऊंची उड़ान भरने की दिशा में मार्गदर्शन मिला।यह पीटीएम और कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ, जिसमें अभिभावकों का सहयोग और बच्चों का उत्साह अद्वितीय था। एनडी कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम था, जो बच्चों के भविष्य को और भी उज्ज्वल बनाएगा। कार्यक्रम के दौरान संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर मयंक कुमार मिश्रा कोऑर्डिनेटर नितेश कुमार,डॉक्टर सचिन त्रिपाठी ,संध्या चौधरी, यशवी केसरवानी,रश्मि केशरवानी आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

सम्पादकीय

हरियाणा चुनावों में कांग्रेस के मुकाबले भाजपा कमजोर नजर आ रही है

हरियाणा चुनावों में कांग्रेस के मुकाबले भाजपा कमजोर नजर आ रही है। अपनी कमजोरी को छिपाने के लिए अब वो अनावश्यक विवाद खड़े करके जनता का ध्यान भटकाने में लगी है। जलेबी की फैक्ट्री को लेकर राहुल गांधी ने जो बयान दिया, उसका मखौल उड़ाकर राहुल गांधी की छवि को फिर खराब करने की कोशिश में जुट जाना, इसका प्रमाण है। गौरतलब है कि हरियाणा में चार दिनों की विजय संकल्प यात्रा के दौरान राहुल गांधी सोनीपत के गोहाना पहुंचे और वहां मंच पर ही कांग्रेस सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने अपने हाथों से उन्हें मातूराम हलवाई की मशहूर जलेबी चखाई। श्री गांधी ने जनता को बताया कि उन्हें आम तौर पर जलेबी पसंद नहीं है, दूसरी मिठाइयां ज्यादा पसंद हैं, लेकिन मातूराम की जलेबी उन्हें बहुत पसंद आई और उन्होंने अपनी बहन प्रियंका के लिए एक डिब्बा पैक भी करवा लिया। राहुल गांधी ने कहा कि ये जलेबी हिंदुस्तान समेत पूरी दुनिया में जानी चाहिए। अगर ये जलेबी देश और विदेश में जाएगी तो शायद इनकी दुकान फैक्ट्री में बदल जाए और हजारों लोगों को काम मिल जाए। हालांकि, नरेंद्र मोदी ने छोटे दुकानदारों को चक्रव्यूह में फंसा रखा है, क्योंकि बैंक इन्हें लोन नहीं देगा। हालात ऐसे हैं कि आज हरियाणा में व्यापारियों, कारोबारियों से विदेशों से फोन कर फिरौती मांगी जा रही है और उन्हें डराया-धमकाया जा रहा है।

राहुल गांधी की बात का दूसरा हिस्सा काफी महत्वपूर्ण और संजीदा था कि छोटे दुकानदारों को बैंकों से कर्ज नहीं मिलता। भाजपा चाहती तो इस बयान पर राहुल गांधी से बहस करती कि आखिर उन्होंने ये आरोप क्यों लगाया, इसका आधार क्या है। प्रधानमंत्री मोदी से लेकर उद्योग मंत्री, वित्त मंत्री, गृहमंत्री, हरियाणा के मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री सभी का दावा है कि भाजपा शासन में हर तरह से खुशहाली आई है और उद्योग व्यापार भी फल-फूल रहे हैं। लेकिन इस दावे को सच दिखाने के लिए और श्री गांधी के आरोप को गलत साबित करने के लिए भाजपा को ठोस सबूत भी पेश करने होते। इतनी मशक्कत करने की जगह भाजपा ने फिर से शार्ट कट चुना, जिसमें राहुल गांधी के बयान को संदर्भों से काट कर किसी छोटे हिस्से को विवादित किया जाता है, ताकि उनकी छवि खराब हो। लिहाजा भाजपा नेताओं और प्रवक्ताओं ने जलेबी की फैक्ट्री पर तंज कसने शुरू कर दिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड के कार्यक्रम में कहा किझूठ की जलेबी परोसने से पहले पुराना हिसाब तो दे दो, वहीं कई भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी की समझ पर सवाल खड़े किए कि जलेबी फैक्ट्री में नहीं बनती है।

हालांकि भाजपा का यह जलेबी विवाद बहुत लंबा नहीं खिंच पाया, क्योंकि फिर कांग्रेस ने भी कई तर्कों के साथ बता दिया कि जब बड़े पैमाने पर मिठाई, नमकीन बनाई जाती है, तो फिर उसके लिए फैक्ट्री ही लगती है। भारत के कई बड़े नमकीन और मिठाई निमार्ता अपनी फैक्ट्रियों में बने पकवान ही देश भर में बेचते हैं ।

मुस्कान से आसान होती है मुश्किलें

-: ललित गर्ग:-

प्रत्येक अक्टूबर के पहले शुक्रवार को यानी इस वर्ष 6 अक्टूबर को विश्व मुस्कान दिवस है। आज मनाए जाने वाले विश्व मुस्कान दिवस के पीछे वॉर्सेस्टर, मैसाचुसेट्स के एक अमेरिकी वाणिज्यिक कलाकार हार्वे बॉल के दिमाग की उपज थी। प्रतिष्ठित स्माइली फेस 1963 में उनके द्वारा बनाया गया था। तब से, इसने सभी के सामूहिक आनंद को कैद कर लिया है। 1999 में पहला स्माइल डे बिना किसी बाधा के उत्साह और धूमधाम से मनाया गया था, क्योंकि मुस्कुराहट एक ऐसी अभिव्यक्ति है जिसमें अनेक समस्याओं एवं परेशानियों के हल समाये होते है। 2001 में, हार्वे के निधन के बाद, ह्यस्माइलीह्न निमार्ता को श्रद्धांजलि के रूप में हार्वे बॉल वर्ल्ड स्माइल फाउंडेशन की स्थापना की गई थी। इस दिन को स्थापित करने वाले मैसच्यूसेट्स के आर्टिस्ट हार्वे बाल के अनुसार हम सभी को हर साल एक दिन पूरी दुनिया में मुस्कुराने और दयालु बनने के लिए समर्पित करना चाहिए। क्योंकि मुस्कुराता हुआ चेहरा किसी भी राजनीतिक, भौगोलिक और धार्मिक बातों को नहीं जानता। सिर्फ आज के दिन मुस्कुराने की बजाय आप रोज मुस्कुराने की आदत बनाइये। इससे ना केवल आपकी मुश्किलें आसान होंगी बल्कि आपके चाहने वाले भी आपको देखकर खुश रहेंगे।

अच्छे स्वास्थ्य, मानसिक शांति एवं समग्र विकास के लिये मुस्कान जरूरी है। आज के तनाव, अशांत, चिन्ता एवं परेशानियों के जीवन में मुस्कान की तीव्र आवश्यकता है। क्योंकि हँसना और मुस्कुराना सभी के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं बौद्धिक विकास में अत्यंत सहायक है। मुस्कान हमारे जीवन की सफलता की चाबी है, वह अनेक समस्याओं का समाधान भी है। मुस्कान दुखी दिल के घावों को भरने वाला मलहम है। हमारे चेहरे का व्यायाम है और मन का आराम। शोध कहते हैं कि जैसे-जैसे हम बड़े हो रहे हैं, हमारा मुस्कुराना कम हो रहा है। हम इसलिए कम नहीं मुस्कुराते कि हम बूढ़े हो गए हैं। हम बूढ़े ही इसलिए हुए कि हमने मुस्कुराना बंद कर दिया है। करूणामूर्ति मदर टेरेसा ने कहा, शांति की शुरूआत मुस्कुराहट से होती है। आपकी खुशी आपके होठों से शुरू होती है। इस वर्ष आप विश्व मुस्कान दिवस पर, अपने होठों को थोड़ा सा मोड़ना न भूलें। यह संक्रामक होगा और आपके चारों ओर एक सकारात्मक वातावरण तैयार करेगा।

सेहत का एक मंत्र यह है कि आप खुलकर मुस्कुरायें। हमें मुस्कुराना चाहिए और बात-बेबात मुस्कुराते रहना सफल एवं सार्थक जीवन का मंत्र हैं। पर कई बार पूरा पूरा दिन बिना मुस्कान के निकल जाता है। उदासी और बेचैनियों के बादल छाए रहते हैं, मुस्कान की धूप खिल नहीं पाती। मुस्कुराना-हंसना एक ऐसा सकारात्मक भाव है जो व्यक्ति के न केवल आंतरिक बल्कि बाहरी स्वरूप को समृद्धिशाली एवं प्रभावी बनाता है। मुस्कान एक शक्तिशाली भावना है जिसमें व्यक्ति को ऊजार्वान और संसार को शांतिपूर्ण बनाने की क्षमता हैं। यह व्यक्ति के विद्युत-चुंबकीय क्षेत्र को प्रभावित करता है और व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। जब व्यक्ति समूह में मुस्कुराता है तो उसकी मुस्कान से सकारात्मक ऊर्जा सम्पूर्ण परिवेश में व्याप्त हो जाती है।

आज के इस तनावपूर्ण वातावरण में व्यक्ति अपनी मुस्कुराहट व हँसी को भूलता जा रहा है, फलस्वरूप तनावजन्य बीमारियाँ, जैसे- उच्च रक्तचाप, शुगर, माइग्रेन, हिस्टीरिया, पागलपन, डिप्रेशन आदि को निमंत्रण दे रहा है। मुस्कुराने से ऊर्जा और ऑक्सीजन का संचार अधिक होता है। शरीर में से दूषित वायु बाहर निकल जाती है। हमेशा खुलकर मुस्कुराना शरीर के सभी अवयवों को ताकतवर और पुष्ट करता है। साथ ही शरीर में रक्त संचार की गति को बढ़ाता है। इसके अलावा पाचन तंत्र अधिक कुशलता से कार्य करता है। इसलिये डॉक्टर भी हर बीमारी के रोगी के लिये मुस्कुराने को उपयोगी बताते हैं। क्योंकि जोर-जोर से कहकहे लगाने एवं मुस्कुराने से पूरे शरीर में प्रत्येक अंग को गति मिलती है। इससे शरीर में मौजूद हारमोन दाता प्रणाली (एंडोफ्राइन ग्रंथि)

सुचारुरूप से चलने लगती है, जो कि कई रोगों से छुटकारा दिलाने में सहायक होता है।

जो लोग हमें अपनी बातों से, अपने कार्यों एवं सोच से हमें मुस्कान देते हैं, वे हमारी स्मृतियों में रच-बस जाते हैं। हम किसी को पसंद या नापसंद कई कारणों से कर सकते हैं। पर लंबे समय तक हमारे प्रेम के हकदार वे लोग बनते हैं, जो हमें हंसाते हैं और हमारे चेहरे की मुस्कान लाते हैं। शायद इसीलिए विक्टर बोर्ग कहते हैं, ह्यहंसी दो लोगों के बीच की दूरी को पार करने का सबसे छोटा पुल है।ह्न हंसना-मुस्कुराना एक ऐसा बेशकीमती उपहार है, जो कुदरत ने केवल मनुष्य को ही बख्शा है। हास्य एवं मुस्कान एक सार्वभौमिक भाषा है। इसमें जाति, धर्म, रंग, लिंग से परे रहकर मानवता को समन्वय करने की क्षमता है। यह इंसान से इंसान को जोड़ने का उपक्रम है। मुस्कान एवं हंसी विभिन्न समुदायों को जोड़कर नए विश्व का निर्माण करने में सक्षम हैं। यह विचार भले ही काल्पनिक लगता हो, लेकिन लोगों में गहरा विश्वास है कि हंसी-मुस्कान ही दुनिया को एकजुट कर सकती है।

दुनिया में सुख एवं दुःख दोनों ही धूप-छाँव की भाँति आते-जाते हैं। यदि मनुष्य दोनों परिस्थितियों में हँसमुख रहे तो उसका मन सदैव काबू में रहता है व वह चिंता से बचा रह सकता है। मुस्कुराने से आत्मा खिल उठती है। इससे आप तो आनंद पाते ही हैं दूसरों को भी आनंदित करते हैं। हास-परिहास एवं मुस्कान पीड़ा का दुश्मन है, निराशा और चिंता का अचूक इलाज और दुःखों के लिए रामबाण औषधि है। हंसने-हंसाने-मुस्कुराने से तन-मन में उत्साह का संचार होता है और दिल से मुस्कुराना तो किसी दवा से कम नहीं है। मुस्कान एक उत्तम टॉनिक का काम करती है। प्रमुख विद्वान थैकर एवं शेक्सपियर जैसे विचारकों ने भी इस बात की पुष्टि की है कि प्रसन्नचित व्यक्ति अधिक जीता है। मनुष्य की आत्मा की संतुष्टि, शारीरिक स्वस्थता व बुद्धि की स्थिरता को नापने का एक पैमाना है और वह है चेहरे पर खिली प्रसन्नता। लंदन विश्वविद्यालय की प्रोफेसर सोफी स्कॉट कहती हैं कि, ह्यहंसी के द्वारा हमारा अवचेतन मन ये संकेत देता है कि, हम सुकून में हैं और सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। जापान में भगवान बुद्ध के शिष्य थे होतेई। वह बड़े अलमस्त स्वभाव के भिक्षुक थे। वह बेहद निर्लिप्त और निरपेक्ष भाव से जीवन जीने में विश्वास रखते थे। वह जिस कार्य को करते, उसमें पूरी तरह डूब जाते थे, तन्मय हो जाते। जापान में ऐसी मान्यता है कि एक बार होतेई मेडिटेशन करते-करते इतने रोमांचित हो गए कि ध्यानावस्था में जोर-जोर से हंसने-मुस्कुराने लगे। इस अद्भुत घटना के उपरांत ही लोग उन्हें लाफिंग बुद्धा के नाम से संबोधित करने लगे। घूमना-फिरना, देशाटन करना, लोगों को मुस्कान व खुशी प्रदान करना लाफिंग बुद्धा का ध्येय बन गया। चीन में लाफिंग बुद्धा को पुताई के नाम से भी जाना जाता है। चीनी लोग उन्हें एक ऐसे भिक्षुक के नजरिए से देखते हैं, जो एक हाथ में धन-धान्य का थैला लिए, चेहरे पर खिलखिलाहट बिखेरे अपना बड़ा पेट और थुलथुल बदन दिखाकर सभी को मुस्कन देते हुए सकारात्मक ऊर्जा देते हैं। वे समृद्धि व खुशहाली का संदेशवाहक और घरों के वास्तुदोष निवारण का प्रतीक भी माने जाते हैं। जापान जैसे देशों में लोग अपने बच्चों को प्रारंभ से ही हँसते-मुस्कुराते रहने की शिक्षा देते हैं, ताकि उनकी भावी पीढ़ी सक्षम एवं तेजस्वी हो।

दुनिया के अधिकतर देश आतंकवाद के डर से सहमे हुए हैं, हर व्यक्ति के अंदर घबराहट और अशांति का कोहराम मचा हुआ है। ऐसे दौर में केवल मुस्कान ही दुनियाभर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर सकती है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर टेरीजा एमाबाइल ने कहा है कि, हँसते समय हमारा दिमाग सबसे अधिक क्रिएटिव होता है। हमें न केवल पारिवारिक परिवेश में बल्कि ऑफिस में हंसी-मजाक, मुस्कुराने को बढ़ावा देना चाहिए। ऑफिस का माहौल मेल-जोल और हंसी मजाक वाला हो, जिससे टीम के बीच काम के प्रति उत्साह का संचार हो सके। खूबसूरत चेहरे के लिए मुस्कान कारगर साबित हो सकता है। मुस्कुराने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, जिससे व्यक्ति का आत्मविश्वास बढ़ता है। मेडिकल प्रयोगों में पाया गया है कि, 10 मिनट तक मुस्कुराते रहने से दो घंटे की गहरी नींद आती है।

मुस्कुराने वाले व्यक्तियों के कई सारे मित्र बन जातें हैं और इस प्रकार उनमें भाईचारा और एकता की भावना कब उत्पन्न होती हैं।

चुनावी बांड की कहानी, निर्मला सीतारमण की परेशानी

- राजेन्द्र शर्मा

फिर भी इससे इंकार नहीं किया जा सकता है कि चुनावी मुद्दों की भीड़-भाड़ में, चुनावी बांड की गड़बड़ियों का मुद्दा कहीं दब सा गया था। निर्मला सीतारमण व अन्य भाजपा नेताओं पर एफआईआर के प्रसंग ने इस मुद्दे को एक बार फिर सुर्खियों में ला दिया है। विपक्ष की बढ़ी हुई ताकत को देखते हुए, सत्ताधारी गुट के लिए इसे दबाना अब उतना आसान नहीं होगा। इस संदर्भ के अंतर के अलावा अब की स्थिति एक महत्वपूर्ण अंतर और है।

अदेश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और उनके सह-आरोपी बनाए गए कर्नाटक के भाजपा के नेताओं तथा ईडी अधिकारियों ने बेशक राहत की सांस ली होगी। कर्नाटक हाई कोर्ट ने उनके खिलाफ चुनावी बांड के नाम पर, अवैध हफ्ता वसूली के आरोपों की जांच पर अपने अंतरिम आदेश के जरिए फिलहाल रोक लगा दी है। आरोपियों में से एक, भाजपा नेता नलिन कुमार कतील की याचिका पर, अंतरिम आदेश में हाईकोर्ट के एकल पीठ ने उन्हें उक्त राहत दी है। याचिका में उस प्राथमिकी को ही चुनौती दी गयी है, जिसमें कतील व अन्य को नामजद किया गया है। याद रहे कि एक गैर-सरकारी संगठन की याचिका पर, एक विशेष अदालत के आदेश पर ही, निर्मला सीतारमण व अन्य के खिलाफ चुनावी बांड के नाम पर अवैध वसूली के आरोपों में कर्नाटक में एफआईआर दर्ज की गयी थी। स्वाभाविक है अगले कदम के रूप में आरोपों के संबंध में जांच शुरू होनी चाहिए थी, जिसे फिलहाल हाई कोर्ट के आदेश ने कम से कम अगली सुनवाई तक के लिए रोक दिया है।

बहरहाल, इस तात्कालिक राहत से सुश्री सीतारमण और उनसे बढ़कर उनकी पार्टी के नेतृत्व के चेहरों पर मुस्कुराहट लौट आएगी, यह मानना मुश्किल है। इसकी वजहें दो हैं। पहली तो यह कि यह राहत फौरी यानी अस्थायी राहत ही है। अदालत से इस तरह की अस्थायी राहत मिलना तो आसान है, लेकिन एक अदालती आदेश के फलस्वरूप दर्ज की गयी एफआईआर को ही निरस्त करने का अदालती फैसला हासिल करना, लगभग नामुकिन है। यानी आरोपों पर जांच का वास्तव में आगे बढ़ना नहीं बढ़ना अपनी जगह, लेकिन इतना तय है कि यह प्रसंग आसानी से ठंडा पड़ने वाला नहीं है और यहीं से भाजपा की परेशानी की दूसरी वजह शुरू होती है। इसका संबंध इस तथ्य से है कि इस पूरे प्रसंग ने, सत्ता के बल पर किए गए एक बड़े घोटाले के रूप में, चुनावी बांड के मुद्दे को फिर से नया कर दिया है।

कहने की जरूरत नहीं है कि सत्ताधारी भाजपा और उसके संघ परिवार ने कितनी

मेहनत कर के और कितने संसाधनों को झोंककर, चुनावी बांड के मुद्दे का धीरे-धीरे सार्वजनिक बहस से गायब ही हो जाना सुनिश्चित किया था। जाहिर है कि इसमें सत्ताधारी दल की सबसे ज्यादा मदद तो सर्वोच्च अदालत ने ही की थी, जिसने अपने ऐतिहासिक फैसले में चुनावी बांड की पूरी की पूरी व्यवस्था को असंवैधानिक तथा गैर-कानूनी करार देकर खारिज तो किया था और इसके जरिए क्विड प्रो क्वो यानी चंदा लाओ और लाभ पाओ की व्यवस्था चल रही की संभावना मानी भी थी, लेकिन इसके बावजूद उसने अपने ही फैसले से उजागर हुई आर्थिक गड़बड़ियों की आगे किसी जांच का रास्ता खोलने से इंकार कर दिया।

यह इसके बावजूद था कि स्टेट बैंक के चुनावी बांड के जरिए पैसे की यात्रा की पूरी ट्रेल जाहिर करने में असमर्थता जताने के बावजूद, चुनावी बांडों के सिलसिले में, इन बांडों की खरीद तथा राजनीतिक पार्टियों द्वारा उनके प्राप्त किए जाने की जानकारियों को उनके संदर्भ में रखकर, मीडिया में अनेक जानकार विश्लेषकों ने बड़े विस्तार से, सटीक जानकारियों व साक्ष्यों के साथ, गड़बड़ी के बेशुमार मामले उजागर किए थे। इसी क्रम में अवैध चंदा वसूली के लिए, जिसे मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने, जानी-पहचानी 'हफ्ता वसूली' का ही एक रूप बताया था, केंद्रीय एजेंसियों जैसे सीबीआई, ईडी, आयकर आदि के दुरुपयोग के भी कितने ही मामले सामने आए थे। केंद्रीय एजेंसियों की छापों समेत विभिन्न कार्रवाइयों और चुनावी बांड के जरिए चंदे के कई अलग-अलग पैटर्नों की भी पहचान की गयी थी। जहां कुछ मामलों में केंद्रीय एजेंसियों के छापे/ कार्रवाई के फौरन बाद, संबंधित कंपनियों द्वारा सत्ताधारी भाजपा को चंदा दिया जाना शुरू कर दिया गया था, वहीं कुछ और मामलों में पहले से चंदा दे रही कंपनियों ने छापे के बाद, उल्लेखनीय रूप से ज्यादा चंदा देना शुरू कर दिया था। और कुछ और मामलों में बार-बार छापे के जरिए कंपनियों से बार-बार पैसे की वसूली की जा रही थी। बेशक, यह सब उस सामान्य या सद्दभावनापूर्ण वातावरण में हो रहे लेन-देन के ऊपर से था, जिसे 'चंदा दो और धंधा लो' कहा जा सकता है। यानी सरकारी ठेके आदि के रूप में सरकार से उपकार लो और बदले में बांड के जरिए चंदा देकर अपना कर्जा उतार दो।

इन तमाम असामान्यताओं के बरक्स इस चुनावी बांड भंडाफोड़ में ऐसी कंपनियों के सत्ताधारी पार्टी को बड़े पैमाने पर चंदा देने के मामले भी सामने आए, जिनके चंदे का किसी भी तरह से धंधे के हिस्से के तौर पर कोई तर्क ही नहीं बनता था। मिसाल के तौर पर कई मामलों में कंपनियों ने अपने कुल मुनाफे से कई-कई गुना ज्यादा चंदा चुनावी बांड के जरिए दिया था, तो कुछ मामलों में तो इन कंपनियों की कुल कीमत से भी कई-कई गुना चंदा दिया गया था, जो साफ तौर पर इन कंपनियों के खोखा कंपनियों की तरह काम कर रहे होने का यानी मनी लॉन्डरिंग का ही मामला नजर आता था। वास्तव में जब इस चुनावी बांड योजना के सिलसिले में, पहले से चले आते राजनीतिक चंदा कानून के इस प्रावधान को संशोधित किया जा रहा था कि कोई भी कंपनी, अपने पिछले तीन साल के मुनाफे का ज्यादा से ज्यादा 7 फीसद ही राजनीतिक चंदे के तौर पर दे सकती थी, और इस पूरी की पूरी पाबंदी को ही हटाया जा रहा था, तभी विभिन्न हलकों ने इसकी आशंका जताई थी कि यह चुनावी चंदे के नाम पर मनी लॉन्डरिंग का रास्ता खोल सकता था। दुर्भाग्य से इस मामले में बदतरीन आंशकाएं सच साबित हुई थीं।

इसके बावजूद, मोदी सरकार से और उसकी एजेंसियों से तो इन गड़बड़ियों की जांच और दोषियों को सजा दिलाने की उम्मीद की नहीं जा सकती थी। आखिरकार, इन गड़बड़ियों की सबसे बड़ी लाभार्थी तो सत्ताधारी पार्टी ही थी। इन उजागर हो गयीं गड़बड़ियों तक की किसी भी तरह की जांच कराना तो दूर रहा, वर्तमान निजाम ने तो चुनावी बांड की व्यवस्था का बचाव करने की ही कोशिश की थी। वास्तव में सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस व्यवस्था को अवैध तथा असंवैधानिक बताकर, पूरी तरह से रद्द कर दिए जाने के बावजूद, आम चुनाव के दौरान खुद प्रधानमंत्री मोदी भी, न सिर्फ इसे 'नेक नीयत से लाई गयी योजना' बताकर इसका बचाव कर रहे थे बल्कि इसके आलोचकों को भी यह कहकर चुनौती दे रहे थे कि आज जो विरोध कर रहे हैं, बाद में पछताएंगे!

बेशक, सत्ताधारी पार्टी के पदापोशी के इन सारे प्रयासों से और चुनावी बांड के मुद्दे को ही दबाने की उसकी कोशिशों से, यह मुद्दा कोई पूरी तरह से दब नहीं गया था। वास्तव में चुनावी बांड से जुड़े घोटालों की प्रतिध्वनि भी एक वजह थी कि आम चुनाव में भ्रष्टद्दाचार के मुद्दे पर अपने तमाम छाती पीटने और विपक्ष को भ्रष्टद्द साबित करने की अपनी सारी कोशिशों के बावजूद, सत्ताधारी पार्टी को विपक्ष पर भ्रष्टद्द का लेबल चिपकाने में कोई कामयाबी नहीं मिली थी। इसीलिए तो, स्वयं मोदी से लगाकर नीचे तक, सत्ताधारी गुट के सारे मुखों को, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के अपने आजमाए हुए नुस्खे को ही आजमाना पड़ा था और समर्थक हिंदुओं को यह समझाना पड़ा था कि विपक्षी अगर सत्ता में आ गए तो, उनके मंगल सूत्र से लेकर आरक्षण तक, सब कुछ छीनकर मुसलमानों को दे देंगे। और इसके बावजूद, जनता ने सत्ताधारी पार्टी को बहुमत से काफी नीचे, 240 की गिनती पर ही रोक दिया।

फिर भी इससे इंकार नहीं किया जा सकता है कि चुनावी मुद्दों की भीड़-भाड़ में, चुनावी बांड की गड़बड़ियों का मुद्दा कहीं दब सा गया था। निर्मला सीतारमण व अन्य भाजपा नेताओं पर एफआईआर के प्रसंग ने इस मुद्दे को एक बार फिर सुर्खियों में ला दिया है। विपक्ष की बढ़ी हुई ताकत को देखते हुए, सत्ताधारी गुट के लिए इसे दबाना अब उतना आसान नहीं होगा।

इस संदर्भ के अंतर के अलावा अब की स्थिति एक महत्वपूर्ण अंतर और है। जहां पहले चुनावी बांड का मुद्दा भ्रष्टद्दाचार के एक सामान्यीकृत मुद्दे के तौर पर ही सामने आया था, अब भ्रष्टद्दाचार के इन आरोपों को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण समेत सत्तापक्ष से जुड़े अनेक चेहरे मिल गए हैं। यह भ्रष्टद्दाचार के आरोपों को और कंटीला बना देगा। सीतारमण के इस्तीफे की मांग साफ तौर पर इसी ओर इशारे कर रही है।

कंठमणि बुधौलिया का न रहना : पुराने मूल्यों का खत्म होना

- शकील अख्तर

कठमणि बुधौलिया वकील साहब के न रहने की खबर सुनकर मन बहुत पीछे चला गया। दतिया मध्य प्रदेश में वे कोई हमारे बहुत नजदीकी संपर्कवालों में से नहीं थे। पोलिटिकल सोच भी नहीं मिलती थी। मगर वे सबसे विश्वसनीय लोगों में से एक थे।

बुधौलिया जी का अभी 30 सितम्बर को निधन हो गया। 83 साल के थे। उम्र में हमसे काफी बड़े। जब हम लोग कालेज में थे तब वे किला चौक पर समाजवाद के पक्ष में भाषण देते थे। स्थानीय अखबारों में लेख और कविता लिखते थे। और कलेक्ट्रेट एवं सेशन कोर्ट ऊपर चढ़कर राजगढ़ (महल) में होता था। वहां पेक्टिस करते थे। बहुत सीधी चढ़ाई थी कोर्ट जाने की। दतिया में मुहावरा था कि बेटा राजगढ़ चढ़ा-चढ़ाकर मार लेंगे! मतलब इतने मुकदमे कर देंगे कि रोज पेशी होगी और राजगढ़ चढ़ना होगा। सिर्फ गाड़ियां चढ़ पाती थीं। जज कलेक्टर के पास होती थीं। एक वकील साहब की याद है। शिरोमणि सिंह बुंदेला की। उनकी जीप होती थी। वे उससे आते थे। श्याम सुन्दर श्याम जो कई बार दतिया के विधायक रहे और वकील भी थे, उन्हें जब जाना होता था तो बुंदेला जी या महाराजा किशन सिंह जो दतिया के महाराज थे, और दतिया भिंड से सांसद भी बने, एक बार जो वसुन्धरा राजे हारी थीं, उनसे ही हारी थीं, अपनी जीप में लेकर जाते थे।

उन दिनों की राजनीति ऐसी ही होती थी। श्यामजी जो कई बार विधायक रहे। 1977 में भी जनता पार्टी की आंधी में जीते। 1980 भी जीते। उससे पहले भी कई। उनके पास गाड़ी नहीं थी। मृत्यु तक। 1984 में वे नहीं रहे थे। अभी कुछ समय पहले आसिफ इब्राहिम जो आईबी चीफ रहे एक दिन पूछ रहे थे कि वे दतिया में कांग्रेस के कौन से नेता थे जो तांगे में बैठकर आया करते थे?

एस पी आफिस बग्गीखाने में था। आसिफ इब्राहिम दतिया एसपी थे। हमने बताया श्याम जी। चुनाव भी केवल एक जीप से लड़ लिया जाता था। किराए की जीप नेता कार्यकताओं के लिए। और महाराजा किशन सिंह की जीप जो रोज नहीं मिल पाती थी, प्रत्याशी श्याम जी के लिए।

तो बता यह रहे थे कि गरीब कमजोर को भी और छात्र युवा नेताओं को भी धमकी यह दी जाती थी कि राजगढ़ चढ़ा-चढ़ाकर मार लेंगे। मगर चढ़ने का तो कष्ट था। लेकिन उपर एक वकील साहब हुआ करते थे जो किसी के साथ अन्याय नहीं होने देते थे। यही कंठमणि बुधौलिया जी। सबके केस फ्री में लड़ना। और पुलिस प्रशासन राजनीति किसी के दबाव में न आना। हमने जो कहा विश्वसनीय! वह यही बात थी कि जिस को भी वकील साहब के पास पहुंचा दो मदद हो जाती थी। और बंदा जब वापस लौटता था भरोसे के साथ। वकील साहब मिल गए अब कुछ नहीं होगा। ऐसा नहीं है कि और वकील मदद नहीं करते थे। मगर बुधौलिया जी तक पहुंचना सबसे आसान हुआ करता था। शाम को किला चौक पर भी मिल जाते थे। सुबह घर पर भी। दिन भर कोर्ट में कहीं भी पकड़ लो।

इतने सहज सरल और शांत व्यक्ति अब कम होते हैं। माहौल में गुस्सा, नफरत क्रूरता भर दिया है। बुधौलिया जी हल्की मुस्कान, दाढ़ी और हमेशा खादी की पेंट-शर्ट और वकालत का काला कोट भी खादी का। समाजवादी थे। इमरजेन्सी में जेल गए। मगर जब जनता पार्टी की सरकार आई तो उसने सबसे पहले छात्र आंदोलनों को ही कुचलने का काम किया। आज की तरह आंदोलनजीवी और अरबन नक्सल तो नहीं बोल सके मगर झूठे मुकदमे इसी तरह कायम किए। जेल भेजा।

उस समय कंठमणि बुधौलिया जो इस सरकार को लाने के लिए जेल गए थे उन लोगों के लिए लड़े जिन्हें अब यह जनता पार्टी की सरकार प्रताड़ित कर रही थी। छात्र और युवा नेताओं के लिए सड़कों पर जुलूस निकालाना, धरना प्रदर्शन जेल जाना कोई मुश्किल काम नहीं होता था। उन दिनों खूब संघर्ष होता था।

लेकिन मुश्किल होता था ढेर सारे झूठे मुकदमे लड़ना। बुधौलिया जी सबके ऐसे मुकदमे लड़ते थे। मदद और लोग भी करते थे। श्याम जी खुद बहुत अच्छे वकील थे। मगर उन्हें ले जाना आसान नहीं था। चल रहे हैं, चल रहें है कहते-कहते दोपहर हो जाती थी। ब्रजमोहन नगार्च भी कभी पैसे नहीं मांगते थे। मगर इतने व्यस्त वकील थे कि उन्हें छोटे-छोटे मामलों में रोज खड़ा करना मुश्किल था। युगल किशोर लिटोरिया भी मददगार वकील थे। मगर वे भी बड़े वकील। ड्राफ्टिंग वगैरह करने में मदद कर देते थे। कोर्ट में चले भी जाते थे। मगर उनके पास भी काम इतना होता था कि ज्यादा परेशान नहीं कर सकते थे।

बुधौलिया जी की खास बात यह थी कि वे जिसे पहुंचाओ उससे आत्मीयता से मुस्करा के मिलते थे। गरीब कमजोर की सबसे बड़ी समस्या यह होती है कि वह कहीं जाते हुए किसी से मिलते हुए डरता है। हर बार आप से कहेगा कि आप चलो। यह संभव नहीं होता। लेकिन बुधौलिया वकील साहब के मामले में एक बार जो चला जाता था फिर वह आप से कहना तो दूर दूसरे को ले जाकर भी खुद ही मिलवा देता था। यह सहजता थी उनमें कि मिलने वाला एक ही मुलाकात में उन पर अधिकार समझने लगता था।

दरअसल व्यक्ति के बहाने वह दौर जिन्दा हो जाता है। करीब 45 - 50 साल पुराना। वैचारिक मतभेद तब भी होते थे। मगर उनमें धर्म जाति का विभाजन करने वाले लोग नहीं होते थे। बुधौलिया जी जाति धर्म से परे सबकी मदद करते थे। 1980 में जब नई कलेक्ट्रेट बन गई तो ग्राउन्ड फ्लोर पर ही सीढ़ियों के पास बुधौलिया जी कुर्सी लगी होती थी।

वकीलों का आप को मालूम है कि कोर्ट में बैठने की बहुत मारामारी होती है। मगर जो भी नया वकील पहुंचता था उसे बैठने के लिए बुधौलिया जी अपने आस पास कहीं जगह कर देते थे। उसे सिखाते भी थे। और जैसा कि हमारे यहां के स्मार्ट लोग होते हैं थोड़े ही दिन में बुधौलिया जी के ही क्लाइंट तोड़ने की कोशिश करने लगते थे।

मगर वे कभी गुस्सा नहीं होते थे। यह सबसे बड़ी परीक्षा होती है। और वकील साहब इसमें हमेशा पास होते थे।

141 पत्रों में 13 का मौके पर हुआ निस्तारण

सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनी समस्यायें

अखंड भारत संदेश.

मऊ/चित्रकूट। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने संपूर्ण समाधान दिवस तहसील मऊ में फरियादियों की समस्यायें सुनी। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 141 प्रार्थना पत्र मिले। 13 पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया।

शनिवार को जन समस्याओं के निस्तारण को डीएम ने समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर का परीक्षण कर निस्तारण आख्या देखा। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है, समस्या ग्रस्त व्यक्ति को बतायें, ताकि समस्या ग्रस्त व्यक्ति निस्तारण से संतुष्ट हो सके। डीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस में मिली शिकायतों बाबत संबंधित अधिकारियों से कहा कि शासन से निर्धारित समय सीमा के भीतर शासन की मंशानुसार निस्तारण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 141 प्रार्थना पत्र मिले। 13 पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया।

डीएम ने चकरोड अतिक्रमण, भूमि संबंधी मामलों पर एसडीएम मऊ से कहा कि राजस्व, चकबंदी व पुलिस की टीम बनाकर चकरोड की भूमि, अतिक्रमण व भूमि संबंधी मामलों को प्राथमिकता से कब्जा मुक्त करायें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम मऊ सौरभ यादव, उप जिलाधिकारी आलोक सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी नरेन्द्र कुमार सिंह, सीओ मऊ जयकरन सिंह, तहसीलदार मऊ विजय कुमार यादव, बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी एमएल धर्मान, परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद, जिला पंचायत राज अधिकारी इन्द्र नारायण सिंह, उप निदेशक कृषि राजकुमार, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सुभाष चंद्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीके शर्मा, अधिशासी अभियंता जल संस्थान डीके सत्संगी, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा, जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव आदि मौजूद रहे।

समाधान दिवस पर समस्यायें सुनते जिलाधिकारी।

खोह अस्पताल में अधीक्षक मिले गैरहाजिर

डीएम ने स्पष्टीकरण के दिये निर्देश

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने एमसीएचएस विंग खोह अस्पताल का निरीक्षण किया।

शनिवार को निरीक्षण दौरान डीएम ने आकस्मिक वार्ड, चिकित्सक कक्षों, पैथोलॉजी कक्ष, पंजीकरण कक्ष, सिजेरियन वार्ड, एएनसी, पीएनसी वार्ड, दवा वितरण कक्ष आदि देखा। अधीक्षक डॉ ओपी भास्कर अस्पताल में गैरहाजिर मिले। डीएम ने नाराजगी जताते हुए कहा कि वह बिना किसी सूचना के अस्पताल से बाहर हैं। स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिये। पंजीकरण कक्ष में निरीक्षण दौरान 60 मरीजों का पंजीकरण मिला। सिजेरियन कक्ष में तीन मरीज भर्ती मिले। पीएनसी वार्ड में चार मरीज भर्ती मिले। डीएम ने मरीजों से खानपान, स्वास्थ्य, दवाओं के बारे में जानकारी ली। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ ऊषा सिंह ने डीएम को बताया कि यहां पर मैनपावर की कमी है। साफ-सफाई को पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। सुरक्षा व्यवस्था की कमी है। इस पर डीएम ने कहा कि एमसीएचएस विंग खोह अस्पताल संचालन बाबत सभी बिंदुओं पर बैठक हो। यहां सभी व्यवस्थायें कराई जायेंगी। आम जनता को स्वास्थ्य सुविधा में परेशानी न हो। सीसीटीवी कैमरें चालू रखें। मैन पावर की कमी को देखते हुए अस्पताल में शिफ्ट कराने की व्यवस्था की जाये। निरीक्षण दौरान स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ ऊषा सिंह, डॉ श्वेता मिश्रा समेत अन्य चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

मरीज से जानकारी देते डीएम।

श्रमिकों को इजराइल में रोजगार का सुनहर अवसर, 1.37 लाख मासिक वेतन

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिले के श्रमिकों को इजराइल में रोजगार का एक बेहतरीन अवसर खुला है। भारत व इजराइल सरकार के बीच समझौते के तहत चार प्रमुख ट्रेडों में कुशल श्रमिकों की भर्ती की जाएगी। इसमें 137000 रुपये प्रति माह का वेतन मिलेगा।

शनिवार को जिला सेवायोजन अधिकारी संदीप ने बताया कि निर्माण क्षेत्र में चार ट्रेडों- फ्रेम वर्क/शटरिंग कारपेंटर, आयरन वेल्डिंग, सिरेमिक टाइल व प्लास्टरिंग में माहिर श्रमिकों को आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। चयनित श्रमिकों को 137000 रुपये प्रति माह का वेतन मिलेगा। वे इजराइल में दो वर्षों तक काम कर सकेंगे। रोजगार संगम पोर्टल पर आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक उम्मीदवारों जल्द पंजीकरण करायें। रोजगार योजना का क्रियान्वयन नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन कर रहा है। इच्छुक श्रमिकों को सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर आवेदन करना होगा। आवेदकों की आयु सीमा 25 से 45 वर्ष होनी चाहिए। उनके पास कम से कम तीन वर्ष की वैधता वाला पासपोर्ट होना जरूरी है। संबंधित ट्रेड में तीन वर्षों का अनुभव होना चाहिए। जो श्रमिक पहले इजराइल में काम कर चुके हैं, वे आवेदन नहीं कर सकते। अधिक जानकारी को श्रमिक जिला सेवायोजन कार्यालय या कॉल सेंटर नंबर 155330 पर संपर्क करें।

मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की निकली बारात

अखंड भारत संदेश

राजापुर/चित्रकूट। तुलसीदास की जन्मभूमि राजापुर में गाजे बाजे व डीजे की धुन में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जय-जयकार के बीच भव्य बारात निकाली गई। विभिन्न मार्गो में राम भक्तों ने अपने-अपने घरों प्रतिष्ठानों से निकलकर पूजा-अर्चना किया। महिलाओं ने अपने-अपने झरोखों से भगवान राम पर पुष्प वर्षा की।

शनिवार को राजापुर कस्बे के प्रतिष्ठित गल्ला व्यवसाई गिरजा शंकर गुप्ता पत्नी अनुसुइया गुप्ता, छोटे भाई उमाशंकर गुप्ता पत्नी जानकी देवी, प्रेम शंकर गुप्ता पत्नी संगीता गुप्ता तथा परिवार के सदस्यों ने वैवाहिक कार्य करते हुए राम कलेवा के साथ भगवान श्रीराम समेत अनुजों की विधिवत पूजा अर्चना करते हुए वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पैपुजी की। नगरवासियों ने जगह- जगह शोभायात्रा में भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना किया।

रामलीला भवन से तुलसीकृत प्राचीन रामलीला कमेटी के प्रबंधक राजकुमार उपाध्याय, कार्यवाहक अध्यक्ष सोमनाथ अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुनील मिश्रा, सतीश मिश्र आदि ग्रामीणों ने राम बारात में शामिल होकर सर्राफा बाजार, यमुना रोड तथा गुर्रा मंदिर होते हुए डीजे की धुन व मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जयकारो से तुलसी नगरी राम मै हो गई। स्मारक रोड स्थित गिरजा शंकर गुप्ता के निज निवास में देर रात बारात पहुंची। बारात का भव्य स्वागत करते हुए राम कलेवा कराया गया। इस मौके पर अनिल मिश्रा, राधेश्याम सोनी, संतोष सोनी, संतोष गुप्ता, मंगल पांडेय, विकास अग्रहरि, भारत जायसवाल, रामनरेश गुप्ता, दीपक जायसवाल, अशोक केसरवानी, अमित अग्रहरि, हरबंश द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

भगवान श्रीराम की आरती करते आयोजक।

12 हजार घरों में लगेंगे सोलर पावर प्लांटः डीएम

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि हर घर सोलर अभियान के तहत निजी घरों में सोलर रूफटॉप सोलर पावर प्लांट स्थापित कर विद्युत बचत करने को शासन पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत जिले में बारह हजार घरों को अच्छादित करने का लक्ष्य निर्धारित हुआ है।

शनिवार को प्रमुख सचिव के निर्देश पर नगर पालिका/नगर पंचायतों को लक्ष्य आवंटित किया गया। नगर पालिका कर्वी को 9900, नगर पंचायत मऊ 300, राजापुर 300, मानिकपुर 300 व जिला विद्यालय निरीक्षक को 200 तथा जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को एक हजार का लक्ष्य दिया गया है।

डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि भारत व राज्य सरकार की महात्वाकांक्षी योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति को अधिक से अधिक उपभोक्ताओ को योजना की जानकारी दें। पीएम सूर्यघर पोर्टल की वेबसाइट व एप से आवेदन करें। उन्होंने कहा कि अपने-अपने कार्य क्षेत्र के लाभार्थियों को प्रेरित कर आवेदन करायें।

पुलिस ने दो स्थानों से नौ जुआरी दबोचे, 11590 रुपये बरामद

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार की अगुवाई में राजापुर पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से नौ जुआरियों को गिरफ्तार किया है।

शनिवार को दरोगा अनिल कुमार, दरोगा इमरान खान, दरोगा कृष्णदेव मिश्र, सिपाही अरुण कुमार, शाकिर अली, विमलेश, मनीष ने ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते गोलू सोनकर पुत्र सम्पत, धीरू सोनकर पुत्र संतोष, विष्णु सोनकर पुत्र बाबूलाल काली माता मंदिर बाबा घाट राजापुर, अजय सोनकर पुत्र नत्थू गैला रोड राजापुर, अनिल कुमार पुत्र अब्बू सोनकर कुसिया पुरवा को गिरफ्तार किया। जुआरियों के कब्जे से मालफड से 1680 रुपये व ताश के 52 पत्ते तथा जामा तलाशी में 320 रुपये बरामद हुए। इसी क्रम में दरोगा सुरेन्द्र कुमार, सिपाही लवकुश यादव, उज्वल पाण्डेय, प्रकाश मिश्रा ने ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते प्रवेश कुमार पुत्र जवाहर पटेल बछरन, रामसुभग पुत्र रामनारायण बछरन, विष्णुकान्त चतुर्वेदी पुत्र स्व ओमप्रकाश मानस नगर व देवेन्द्र कुमार पुत्र हर्षनारायण बिहरवां सरधुआ को गिरफ्तार किया। जुआरियों के कब्जे से मालफड 9400 रुपये व ताश के 52 पत्ते, जामा तलाशी में 190 रुपये बरामद कर सभी के खिलाफ थाना राजापुर में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

पुलिस गिरफ्त में जुआरी।

डीएम ने पुष्टाहार उत्पादन केंद्र शेषा सुबकरा का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन के तहत निर्मित पुष्टाहार उत्पादन केंद्र शेषा सुबकरा मऊ का निरीक्षण किया।

शनिवार को निरीक्षण दौरान डीएम को डीसी एनआरएलएम ओम प्रकाश मिश्रा ने बताया कि आजीविका मिशन के तहत उम्मीद प्रेरणा महिला लघु उद्योग की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने आंगनबाड़ी केंद्रों को पुष्टाहार मशीनों से निर्मित व पैकेजिंग करके दिया जा रहा है। पुष्टाहार केंद्र निरीक्षण दौरान दलिया, बेसन, मूंग दाल, मूंगफली आदि की पैकेजिंग स्वयं सहायता समूह की महिलायें मशीनों से कर रही थीं। पुष्टाहार की गुणवत्ता व मशीनों के संचालन बाबत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से जानकारी ली। डीएम ने स्टाक रजिस्टर देखा। पैकेजिंग की तौल कराई। बाल विकास परियोजना अधिकारी बीएल गुप्ता ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर पुष्टाहार गर्भवती व धात्री महिलाओं, किशोरियों, छह माह से तीन वर्ष व तीन वर्ष से छह वर्ष के बच्चों के वितरण को दिया जाता है। बाल विकास परियोजना अधिकारी से कहा कि इनका जो पुष्टाहार का भुगतान शेष है, तत्काल करायें। निरीक्षण दौरान उप जिलाधिकारी मऊ सौरभ यादव, परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद, डीसी एनआरएलएम ओम प्रकाश मिश्रा, खंड विकास अधिकारी मऊ रामजी मिश्रा, बाल विकास परियोजना अधिकारी बीएल गुप्ता समेत स्वयं सहायता समूह की महिलायें मौजूद रही।

आरसीसी रोड पर बांध रहे पालतू जानवर

शिकायत के बाद नहीं हटाये जानवर

अखंड भारत संदेश

पहाड़ी/चित्रकूट। पहाड़ी के पचोखर गांव के धर्मराज पुत्र कुबेर ने प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी को लिखे पत्र में बताया कि पचोखार गांव के मजरा रामपाल का पुरवा में आरसीसी रोड का निर्माण कराया गया है। पचोखर से पहाड़ी आने को ये मार्ग सही है।

पालेश्वरनाथ इंटर कालेज पहाड़ी में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का आवागमन इसी मार्ग से होता है। रामपाल पुरवा के कुछ ग्रामीण शिवकुमार, बलवंता, भूरेलाल, सद्धू मुखिया आदि पालतू जानवर घरों में न बांधकर आरसीसी रोड पर ही बांधते हैं। इससे छात्र आये दिन हादसों के शिकार हो रहे हैं। शनिवार को धर्मराज ने बताया कि उनका पुत्र आखिलेश पालेश्वरनाथ इंटर कॉलेज पहाड़ी में कक्षा नौ में पढता है। रास्ते में बंधे जानवर ने लात मार दी। इससे अखिलेश साइकिल समेत गिर गया। अखिलेश को चोट लगी है। साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीणों ने प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी से सड़क पर जानवर बांधने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

सडक पर बंधे जानवर।

दिव्यांगों में होती है अंतर निहित क्षमताः बीईओ

जागरूकता-प्रोत्साहन कार्यशाला सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। दिव्यांगों के अभिभावकों को जागरूक व प्रोत्साहित करने को राज्य परियोजना व जिला बेसिक शिक्षाधिकारी के निर्देश पर रामनगर ब्लाक के परिषदीय विद्यालयों में दिव्यांग छात्र-छात्राओं के अभिभावकों की द्वितीय काउंसलिंग कार्यशाला बीआरसी सभागार रामनगर में संपन्न हुई।

शनिवार को काउंसलिंग कार्यशाला में तीसरी कार्यशाला का आयोजन नवंबर के अंतिम सप्ताह में प्रस्तावित है। कार्यशाला का शुभारम्भ खंड शिक्षाधिकारी एनपी सिंह ने किया। खंड शिक्षाधिकारी ने मौजूद अभिभावकों को दिव्यांग बच्चों को शिक्षा विभाग व शासन से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बताया। अभिभावकों से अपील किया कि दिव्यांगों को कभी भी हतोत्साहित न करें। उनका उत्साहवर्धन करते रहें। बच्चे अपने परिवार से प्राप्त होने वाले नैतिक समर्थन से ही आगे समाज में अपना जीवन आसान बना सकते हैं। दिव्यांगों में अंतर निहित क्षमता होती है। उन्हें परिवार व समाज से पूरा समर्थन मिले तो वह नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं। समाज में दिव्यांग श्रेणी के कई ऐसे महिला-पुरुष हुए हैं, जो दिव्यांगता को दर-किनार कर बड़े-बड़े कार्य कर रहे हैं। खंड शिक्षाधिकारी ने अपील किया कि बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें। उनको अच्छी शिक्षा प्रदान करने में सहयोग करें। इस मरैके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर से आई डॉ रमा पाल ने अभिभावकों को दिव्यांगों का चिकित्सा विभाग से मिलने वाली सुविधाओं व दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने बाबत जानकारी दी। स्पेशल एजुकेटर संजय कुमार पांडेय व गुड़िया त्रिपाठी ने अभिभावकों को दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिनियम 2016 में दिये प्रावधानों बाबत जानकारी दी।

अभिभावकों को जागरूक करते बीईओ।

छात्रायें परिवार-समाज का नाम करें रोशनः बीएसए

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने कस्तूरबा कन्या आवासीय विद्यालय मऊ का आकस्मिक निरीक्षण किया। छात्राओं से वार्तालाप कर शैक्षिक गुणवत्ता की जांच की। खानपान बाबत संवाद किया। अध्यापक व कर्मचारियों की जानकारी की।

शनिवार को बीएसए बीके शर्मा ने निरीक्षण में विद्यालय में इको गार्डन, मीना मंच, कंप्यूटर रूम, ऑडियो विजुअल रूम देखा। छात्राओं से कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या हो तो निडर होकर बतायें। घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रही हैं। पढ़ाई में कोई न कोई स्थान निश्चित तौर पर लाना है। सब लोगों को सिर्फ एक ही काम मिला है पढ़ाई का। उसमें मन लगा करके कार्य करें। इससे आपके परिवार और समाज का नाम रोशन होगा। इस मौके पर खंड शिक्षाधिकारी मऊ कृष्णदत्त पांडे, खंड शिक्षाधिकारी रामनगर एमपी सिंह व डीसी प्रशिक्षण पुष्पेंद्र सिंह यादव मौजूद रहे।

बच्चों से संवाद करते बीएसए।

कमासिन से कर्वी आ रही बस पलटी, दर्जनों लोग घायल

पहाड़ी/चित्रकूट। पहाड़ी थाने के कहेटा गांव के पास प्राइवेट बस पलटने से दर्जनों सवारी घायल हो गई। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी में भर्ती कराया गया।

शनिवार को घायल रमा (40) पत्नी ज्ञानेंद्र तरौंहा, विद्या गौतम पत्नी ओंकार भरतकूप, गायत्री पत्नी गरीबदास डोमनखेरा ने बताया कि वे अमिलिया गांव से कमासिन से कर्वी जाने वाली प्राइवेट बस में बैठकर कर्वी जा रहे थे। कहेटा गांव के पास पहुंचते ही आगे जा रहे ट्रक को ओवरटेक करने के चक्कर में बस पलट गई। बस में सवार चालीस लोगों में एक दर्जन लोग घायल हो गये। घटना की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह, निरीक्षक अपराध प्रभुनाथ यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी में भर्ती कराया।

सर्पदंश से महिला की मौत

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पहाड़ी थाना क्षेत्र के अशोह गांव में रामप्यारी (38) पत्नी रामदास की सांप के डसने से मौत हो गई। रामप्यारी घर के आंगन में सफाई कर रही थी। तभी सांप ने उन्हें पैर में काट लिया। परिवार के लोग रामप्यारी को पहाड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।शनिवार को सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई की। जिला मुख्यालय में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पहाड़ी थाना प्रभारी श्याम प्रताप पटेल ने बताया कि जांच में रामप्यारी की मौत सर्पदंश से हुई है। पुलिस ने मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

मर्चरी में बैठे मृतक के परिजन।

नवरात्रि में कालका देवी मन्दिर में उमड रही भक्तों की भीड

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। शारदीय नवरात्रि के तीसरे दिन देवी पंडालों व देवी मंदिरों में सवेरे से ही देवी भक्तों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया। दोपहर तक पूजापाठ का सिलसिला चलता रहा।

शनिवार को रामनगर ब्लॉक से नौ किमी की दूरी पर लौरी गांव के पहाड़ की चोटी पर विराजमान कालका देवी का प्राचीनतम मंदिर है। मंदिर में क्षेत्र व बाहर के लोग पूजापाठ करने को आते हैं। मंदिर में विराजमान कालका देवी की प्राचीन मूर्ति है। मंदिर में एक दर्जन से भी अधिक मूर्तियां स्थापित हैं।

गांव के प्रधान पति अरुण कुमार सिंह व मंदिर के पुजारी गोरेलाल ने बताया कि प्राचीन समय पर मंदिर में 26 प्रतिमायें 64 कलाओं से परिपूर्ण विराजमान थी। जिन्हें औरंगजेब ने तुड़वा दिया था। केवल तीन प्रतिमायें नहीं तोड़ पाया था। दो प्रतिमायें 30 वर्ष पहले अज्ञात चोर चोरी कर ले गये थे। एक प्रतिमा को पुलिस ने चोरों से पकड़कर बरामद कर लिया था। जिसे मंदिर बनवाकर स्थापित करा दिया गया था। मां कालका मंदिर में नवरात्रि में सवेरे से भक्तों का आने का सिलसिला शुरू हो जाता है। देवी भक्तों की मनोकामना पूरी होने पर कन्या भोज व भंडारे का आयोजन किया जाता है। मंदिर में देर रात तक भजन- कीर्तन का कार्यक्रम चलता है। मंदिर में नवरात्रि के नौ दिनों तक कन्या भोज व भंडारे का आयोजन होता है। प्रधानपति अरूण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना भैया ने बताया कि मन्दिर में भक्तों की सुविधा को मन्दिर के परिक्रमा मार्ग में इंटरलॉकिंग की व्यवस्था करवा दी है। रोशनी, पेयजल व छाया की अस्थाई व्यवस्था कर दिया गया है। शारदीय नवरात्रि में भागवत कथा महापुराण का अयोजन हो रहा है।

ईरान के तेल उत्पादन संयंत्रों पर हमला करने की जगह कोई और विकल्प तलाशे इजरायलः बाइडेन

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन नहीं चाहते कि इजरायल, ईरान के तेल उत्पादन संयंत्रों को निशाना बनाए। उन्होंने शुक्रवार को कहा, 'देखिए, इजरायलियों ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वे किस तरह से हमला करने जा रहे हैं। इस पर चर्चा चल रही है। मुझे लगता है कि अगर मैं उनकी जगह होता, तो तेल क्षेत्रों पर हमला करने के अलावा अन्य विकल्पों के बारे में सोचता।'

बाइडेन शुक्रवार को अपने अपने राष्ट्रपति पद के कार्यकाल के दौरान पहली बार व्हाइट हाउस प्रेस ब्रीफिंग में उपस्थित हुए।

अमेरिकी राष्ट्रपति की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका यहूदी राष्ट्र के साथ इस बारे में चर्चा कर रहा है कि वह ईरान के मिसाइल हमलों का जवाब कैसे देगा।



सिन्हुआ समाचार एजेंसी के मुताबिक राष्ट्रपति ने कहा कि उनके प्रशासन के अधिकारी अपने इजरायली समकक्षों के साथ 'दिन में 12 घंटे' संपर्क में हैं।

यूएस प्रेसिडेंट ने कहा, "वे तुरंत कोई फैसला नहीं लेने जा रहे हैं।" उन्होंने इस तथ्य की ओर इशारा किया कि यहूदी फिलहाल हाई-हॉलिडे की छुट्टियों का आनंद ले रहे हैं।

राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा, "और इसलिए, हमें यह देखने के लिए इंतजार करना होगा कि वे क्या चाहते हैं और कब बात करना चाहते हैं।"

बाइडेन के संबोधन के बाद मंच पर आए नेशनल इकोनॉमिक काउंसिल के निदेशक लेल ब्रेनार्ड ने कहा कि मध्य पूर्व में तनाव के बीच अमेरिका ग्लोबल ऑयल मार्केट्स पर कड़ी नजर रख रहा है।

ब्रेनार्ड ने कहा, "हमारे पास भू-राजनीतिक अस्थिरता से निपटने के लिए वास्तव में प्रभावी तरीके हैं। फिलहाल, बाजारों में बहुत अच्छी आपूर्ति है और हमें उम्मीद है कि यह आगे भी बनी रहेगी।"

बता दें ईरान की ओर से मंगलवार रात इजरायल पर बड़ा मिसाइल अटैक किया गया।

इजरायल के चैनल 13 टीवी समाचार के मुताबिक ईरान की ओर से कम से कम 200 जमीन से जमीन पर मार करने वाली मिसाइलें दागी गईं, जिससे पूरे देश में सायरन बजने लगे और लाखों लोग शेलटर्स की ओर भागे।

हमास का हमला, इजरायल का एक्शन, युद्धविराम और फिर लड़ाई...

तेल अवीवः इजरायल के इतिहास में 7 अक्टूबर 2023 को सबसे बड़ा आतंकी हमला हुआ था। हमास के आतंकियों की ओर से हुए इस हमले में कुछ ही घंटों में 1200 से ज्यादा इजरायली लोग मारे गए। 200 से ज्यादा लोगों को हमास ने बंधक बना लिया। 7 अक्टूबर की चिंगारी ही है, जो आज के समय पूरे मिडिल ईस्ट को जला रही है। इजरायल ने हमास से बदला लेने के लिए गाजा को हमले में बर्बाद कर दिया। हमास की मदद करने वाले हिजबुल्लाह को वह लगातार लेबनान में मार रहा है। आइए जानें तब से लेकर अब तक क्या हुआ।

हमास का हमला

पिछले साल 7 अक्टूबर को हमास के सैकड़ों लड़ाके गाजा से इजरायल में घुस आए। इजरायली नागरिकों पर इन्होंने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। हमास ने जब इजरायल पर हमला किया था, तब बॉर्डर से गाजा के आम लोग भी इजरायल में घुस आए थे। इस दौरान वह जश्न मना रहे थे। 1205 लोगों की मौत हुई। 251 लोगों को हमास अपने साथ लेकर गाजा पट्टी में चला गया। एक साल बाद 64 लोग अभी भी बंधक हैं। 117 को आजाद किया गया और 70 मर चुके हैं।

गाजा में शुरू हुआ ऑपरेशन

हमास के हमले के बाद इजरायल ने गाजा पर बम बरसाए। 13 अक्टूबर 2023 को उत्तरी गाजा के लोगों को उसने दक्षिण में जाने को कहा, ताकि वह अपना हमला शुरू कर सके। यूएन की रिपोर्ट के मुताबिक 24 लाख लोग विस्थापित हुए। 27 अक्टूबर 2023 को इजरायल ने जमीनी हमला शुरू किया। 15 नवंबर 2023 को इजरायली सैनिकों ने गाजा के सबसे बड़े अल शिफा हॉस्पिटल में छापेमारी की। इजरायल का आरोप था कि यहां हमास का कमांड सेंटर था।

शांति समझौता और बंधक डील

इजरायल और हमास के बीच 24 नवंबर 2023 को एक संघर्ष विराम लागू हुआ जो

एक सप्ताह चला। हमास ने इजरायली जेलों में बंद 240 फिलिस्तीनियों के बदले 80 इजरायली बंधकों को छोड़ दिया। इसके बाद जब युद्ध शुरू हुआ तो दक्षिण में फैलने लगा।

गाजा में सहायता का दौर

हमास के कंट्रोल वाले गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया कि 29 फरवरी को 120 उत्तरी गाजा निवासियों को इजरायली सेना ने गोली मार दी। क्योंकि वह राशन की गाड़ी के करीब बढ़ रहे थे। इजरायल ने कहा कि यह लोग खतरा पैदा कर रहे थे। मार्च की शुरूआत से कई देशों ने गाजा में सहायता को पैराशूट के जरिए गिराया है।

इजरायल-ईरान तनाव

अप्रैल 13 को ईरान ने सैकड़ों मिसाइल और ड्रोन से इजरायल पर हमला किया। ईरान का कहना था कि वह दमिश्क में अपने वाणिज्य दूतावास पर इजरायल के हमले का जवाब दे रहा है। इस दौरान ज्यादातर मिसाइलों को रोक दिया गया।

दक्षिण गाजा में ऑपरेशन

इजरायली सेना ने 7 मई को गाजा के सबसे दक्षिणी शहर राफा पर जमीनी हमला शुरू किया। गाजा में इस समय ज्यादातर लोगों ने यहीं शरण ले रखी है। इजरायली सेना ने गाजा और मिस्र के बीच क्रॉसिंग पर कब्जा जमा लिया, जिसके जरिए मदद आती थी।

फ्रांस में मिला सोने का उल्लू, 31 साल बाद खोज लिया गया खजाना

पेरिसः दुनिया की सबसे लंबी खजाना खोज का अंत हो गया। फ्रांस की एक घोषणा के बाद ऐसा लगता है कि 31 साल बाद दफन सोने के उल्लू की मूर्ति अंततः खोज ली गई है। तीन दशकों पहले फ्रांस में मायावी सुनहरे उल्लू की मूर्ति की खोज शुरू हुई थी। 1993 में यह शुरू हुई, जिसने दुनिया भर के हजारों प्रतिभागियों को मोहित कर लिया। प्रत्येक ने 11 मुश्किल पहेलियों की एक सीरीज को समझने की कोशिश की, जो उल्लू की दफन कांस्य की मूर्ति तक ले जा सकती थी। यह कोई प्राचीन खजाना नहीं है। बल्कि प्रतियोगिता के तहत रखा गया था। खजाने की खोज को 'गोल्डन आउल' के नाम से जाना जाता है। पहेली निमार्ता मैक्स वैलेन्टिन के दिमाग की यह उपज थी। फ्रांस में कहीं उन्होंने इसे दफना दिया था। इससे जुड़े जटिल सुराग 1993 में प्रकाशित एक पुस्तक में थे। खजाना खोज की आधिकारिक चैटलाइन पर किताब के चित्रकार माइकल बेकर ने गुरुवार सुबह एक पोस्ट में कहा, 'हम पुष्टि करते हैं कि गोल्डन उल्लू की प्रतिकृति कल रात खोदी गई थी, और साथ ही ऑनलाइन प्रणाली पर इसका सॉल्यूशन भेज दिया गया है। इसलिए अब किसी भी स्थान के लिए यात्रा करना और वहां जाकर खुदाई करना व्यर्थ है।'

जीतने वाले को मिलेगा सोने का उल्लू

पहेली सुलझाने वाले को अंतिम पुरस्कार के रूप में एक असली सोने का उल्लू मिलना था। इसकी कीमत 1 करोड़ 38 लाख थी। उल्लू कहां पर दफन था इसकी

कोई जानकारी नहीं दी गई है। न ही इसके खोजने वाले के बारे में बताया गया है। खजाना खोजने वालों के बीच यह चर्चा का विषय बन गया है। खजाना खोजियों ने सोशल मीडिया पर अपने रिएक्शन देने शुरू कर दिए। एक शख्स ने लिखा, 'अंततः मुक्ति मिली।' दूसरे ने मजाक में कहा, 'मुझे नहीं लगा था कि यह देखने के लिए मैं जिंदा रहूंगा।'

सुल्तानपुर मामले में पुलिस के हाथ लगी बड़ी कामयाबी, ढाई किलो सोना बरामद हो गया, व्यापारी खुश

कहां छिपा था जवाब

इस खोज में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। इस पूरे खेल ने किताबों, मैग्जीन और इससे जुड़ी वेबसाइटों को जन्म दिया। 2009 में वैलेन्टिन की मौत हो गई। बाद में बेकर ने इस पूरी प्रतियोगिता की जिम्मेदारी ली।

हालांकि कुछ खजाना खोजी इस बात को लेकर डरे हैं कि इसकी खोज मेटल डिटेक्टर से की गई होगी। नियमों के तहत खजाना खोजने वाले को यह दिखाना होगा कि पहेलियों को उसने सही ढंग से हल किया है। न कि वह उसे सिर्फ संयोग से मिल गया। मूल रूप से दबे हुए उल्लू के बारे में बेकर को भी नहीं पता था। इसका जवाब वैलेंटाइन के परिवार के पास एक सीलबंद लिफाफे में था।

जयशंकर हमारे धरने को संबोधित करें... इस्लामाबाद में उतारी गई पाकिस्तान आर्मी

इस्लामाबादः पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (ढळक) ने भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर को इस्लामाबाद में पार्टी के धरने में शामिल होने के लिए आमंत्रित करने का फैसला किया है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, खैबर पख्तूनख्वा में पीटीआई सरकार के सूचना सलाहकार बैरिस्टर अली सैफ ने भारतीय विदेश मंत्री सुब्रमण्यम जयशंकर से विरोध प्रदर्शन को संबोधित करने के लिए अपील की है। इस बीच पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में सेना की तैनाती कर दी गई है।

डॉ. एस जयशंकर आगामी शंघाई सहयोग शिखर सम्मेलन (रउड) के शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए 15-16 अक्टूबर की पाकिस्तान की यात्रा करने वाले हैं। पाकिस्तान की राजधानी इस शिखर सम्मेलन के लिए पूरी तैयारी कर रही है, वहीं दूसरी तरफ पीटीआई राजधानी के डी-चौक पर बड़ा धरना आयोजित करने जा रही है।

इजरायल ने हिजबुल्लाह के नए नेता साफीद्दीन को भी उड़ा दिया

बेरूतः हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह के बाद अब उसका संभावित उत्तराधिकारी हाशेम साफीद्दीन भी मारा गया है। शुक्रवार को दक्षिणी बेरूत में इजरायली हमले में साफीद्दीन की मौत हो गई। हमले के दौरान वह समूह के नेताओं के साथ बैठक कर रहा था। सऊदी अरब के मीडिया आउटलेट अल हदाथ ने शनिवार सुबह इस बारे में जानकारी दी है। इसके पहले शुक्रवार को इजरायली सेना (क्ळ्ऋ) ने बताया था कि उसने बेरूत दक्षिणी उपनगर दहियाह में हमले में हिजबुल्लाह के संभावित नेता सफीद्दीन को निशाना बनाया था।

हालांकि, शुक्रवार को साफीद्दीन की मौत की पुष्टि नहीं हुई थी। तीन इजरायली अधिकारियों ने शनिवार सुबह न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया कि हमले में साफीद्दीन समेत हिजबुल्लाह के वरिष्ठ अधिकारियों की एक बैठक को निशाना बनाया गया था। साफीद्दीन हिजबुल्लाह की कार्यकारी परिषद के रूप में समूह के राजनीतिक मामलों को संभालता था। वह जिहाद काउंसिल में भी था, जो समूह के सैन्य अभियानों का प्रबंध करती है।

नसरल्लाह का माना जा रहा था उत्तराधिकारी

साफीद्दीन हिजबुल्लाह के मारे गए नेता हसन नसरल्लाह का ममेरा भाई था और उसे संगठन के अगले नेता के रूप में देखा जा रहा था। माना जा रहा है कि इजरायली हमले के डर से समूह अपने नए नेता के नाम का ऐलान करने में देरी कर रहा है। इस बीच शनिवार को इजरायली वायु सेना ने दक्षिणी लेबनान में एक मस्जिद के अंदर स्थित हिजबुल्लाह के कमांड सेंटर पर हमला किया है। आईडीएफ ने कहा कि हिजबुल्लाह के आतंकी कमांड सेंटर का इस्तेमाल सैनिकों और इजरायली नागरिकों के खिलाफ हमले की योजना बनाने और उसे अंजाम देने के लिए कर रहे थे।

आईडीएफ ने बताया कि कमांड सेंटर अस्पताल परिसर के अंदर मस्जिद में मौजूद था। हमला करने से पहले आईडीएफ ने कथित तौर पर स्थानीय निवासियों को टेक्स्ट मैसेज भेजे थे।

इजरायल के कट्टर दुश्मन के खिलाफ उतरे दोस्त अमेरिका-ब्रिटेन

तेल अवीवः इजरायल के खिलाफ लगातार उसके दुश्मन एक्शन में हैं। उन्हीं में से एक यमन के हूती विद्रोही हैं। लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ इजरायल कार्रवाई कर रहा है। ऐसे में उसके दोस्त ब्रिटेन और अमेरिका उसकी मदद को आगे आ गए हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने पुष्टि की है कि अमेरिकी और ब्रिटिश सेनाओं ने शुक्रवार को यमन में ईरान के समर्थन वाले हूती विद्रोहियों के 15 ठिकानों पर हमला बोला। हूती विद्रोहियों को कमजोर करने के लिए ऐसा किया गया है। उनके हथियार प्रणालियों, ठिकानों और अन्य उपकरणों पर हमला हुआ है। अधिकारियों के मुताबिक सैन्य विमानों और युद्धपोतों ने हूती के लगभग पांच गढ़ों पर बम बरसाए। हूती मीडिया ने कहा कि एक प्रमुख बंदरगाह शहर होदेइदा में दो हवाई अड्डे और काथीब क्षेत्र में सात हमले हुए। काथीब में हूतियों के कंट्रोल वाला सैन्य अड्डा है। चार और हमले राजधानी सना के सेयाना इलाके में हुए और दो हमले धमार प्रांत में हुए। हूती मीडिया की ओर से सना के दक्षिण-पूर्व में बायदा प्रांत में तीन हवाई हमलों की जानकारी मिली है। अमेरिकी नेवी के जहाजों पर हमला अमेरिका या ब्रिटेन की ओर से हमने को लेकर कोई टिप्पणी नहीं की गई है। वहीं हूतियों की ओर से भी नहीं बताया गया कि इसमें कितना नुकसान हुआ है। यह हमले तब हो रहे हैं जब यमन के ऊपर उड़ रहे अमेरिकी ड्रोन को हूतियों ने मार गिराया था।

'भारत से 14 साल आगे निकल जाएगी पाकिस्तानी एयरफोर्स'

इस्लामाबादः पाकिस्तान अपनी वायुसेना की ताकत बढ़ाने में लगा है। पाकिस्तानी एयरफोर्स (ढअऋ) ने चीन के पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू जेट ऋछ-31 को खरीदने का फैसला किया है। पाकिस्तानी डिफेंस एक्सपर्ट्स का मानना है कि इससे पाकिस्तान एयरफोर्स भारत से कई साल आगे निकल जाएगी। पाकिस्तानी वायु सेना के रिटायर्ड अधिकारी एयर कमोडोर जिया उल हक शमशी के मुताबिक अगर पाकिस्तान एफसी-31 का अधिग्रहण कर लेगा तो वह भारत से 12-14 साल आगे निकल जाएगा। इससे भारतीय वायु सेना पर रणनीतिक लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा, 'इस बात की उम्मीद नहीं है कि उस अवधि के अंदर भारत पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों को पा सकेगा, जो पाकिस्तान को एक महत्वपूर्ण रणनीतिक बढ़त देगा।' इस एयरक्राफ्ट को चीन के शेनयांग एयरक्राफ्ट कॉरपोरेशन की ओर से बनाया गया है। इस साल की शुरूआत में पाकिस्तानी वायुसेना ने संकेत दिया था कि वह चीन से पांचवीं पीढ़ी का फाइटर जेट खरीदेगा।

पाकिस्तान खरीदेगा एफसी-31

पाकिस्तानी एयरफोर्स के चीफ ऑफ स्टाफ एयर मार्शल जहीर अहमद बाबर सिद्धू ने कथित तौर पर पिछले साल एक कार्यक्रम में उल्लेख किया था कि एफसी-31 जल्द ही एयरफोर्स में शामिल होगा। उन्होंने कहा था, 'एफसी-31 के अधिग्रहण को लेकर पहले बातचीत हो चुकी है, जो जल्द ही पाकिस्तानी वायु सेना का हिस्सा बन जाएगा।' हाल ही में पाकिस्तानी मीडिया ने दावा किया कि PAF ने FC-31 पर प्रशिक्षण के लिए पायलटों के एक समूह को पहले ही चीन भेज दिया है।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक

स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

कनाडा में भारतीय किरायेदार के साथ बदसलूकी, मकान मालिक ने सामने ही घर से बाहर निकाल दिया सामान

ओट्टावाः कनाडा में भारतीयों के साथ दुर्व्यवहार की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। अब जस्टिन ट्रूडो के देश में भारतीय युवक को अपमान का सामना करना पड़ा, जब उसके सामने ही मकान मालिक ने घर से सामान निकालकर बाहर फेंक दिया है। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जो तेजी से वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर तमाम लोग इस वीडियो को देखकर कनाडा में भारतीयों की हालत पर अपनी राय रख रहे हैं। वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर घर का कलेश नामक हैंडल से पोस्ट किया गया है। इसके कैप्शन में कहा गया है कि 'एक देसी लड़के और उसके मकान मालिक के बीच झगड़ा हुआ, क्योंकि वह घर खाली नहीं कर रहा था। फिर मकान मालिक आया और

अपना सामान खुद ही बाहर निकालने लगा।' 15 सेकंड के वीडियो में दो व्यक्ति घर से सामान निकालते दिखाई दे रहे हैं, जबकि भारतीय युवक खड़ा होकर देख रहा है।

वीडियो पर एक यूजर ने प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, हो सकता है कि किरायेदार के पास घर खाली न करने की कोई वजह हो, लेकिन मकान मालिकों को खुद को लाचार महसूस करना भी ठीक नहीं है। दुर्भाग्य से इसे यहां तक बढ़ाना पड़ा। मैं दोनों पक्षों को समझ सकता हूं। उन्होंने आगे लिखा, यह एक जटिल मुद्दा है, जिसके लिए दोनों पक्षों की ओर से समझदारी की आवश्यकता है।

एक अन्य ने लिखा, 'ब्रैम्पटन में अभी-अभी एक अजीब नजारा देखा। एक देसी लड़के और उसके मकान मालिक के बीच जमकर तमाशा हुआ। मकान मालिक उसके घर खाली करने का इंतजार करते-करते थक गया, इसलिए उसने लड़के का सामान खुद ही बाहर निकालने का फैसला किया।'

एक यूजर ने लिखा, 'ट्रूडो परिवार और उनकी भयानक नीतियों ने कनाडा को बर्बाद कर दिया है। यह देखना वाकई असहज है।' हालांकि, कुछ यूजर ने इस पर हल्के फुल्के कमेंट भी किए। एक ने लिखा, 'फ्री का मूवर्स पैकर्स मिल गया।

इजरायल और भारत ने बनाया था पाकिस्तान के न्यूक्लियर प्लांट को उड़ाने का प्लान

तेल अवीवः बीते कई दिनों से इजरायली सेना लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ सैन्य अभियान चला रही है। इस संघर्ष में ईरान की भी एंट्री हो गई जब बीते मंगलवार को उसने इजरायल के ऊपर अब तक का सबसे बड़ा मिसाइल हमला किया। तेहरान ने इजरायल के ऊपर सैकड़ों मिसाइलें दागीं। इसके बाद इजरायल ने ईरान के ऊपर जोरदार जवाबी हमला करने की धमकी दी है। कुछ विशेषज्ञों का अनुमान है कि इजरायल ईरान के परमाणु संयंत्रों को निशाना बना सकता है। हालांकि, इजरायल के प्रमुख सहयोगी अमेरिका ने उसे ऐसा न करने को कहा है।

इजरायल इसके पहले साल 1981 में ऐसा कारनामा कर चुका है, जब उसके विमानों ने इराक के ओसिरक में परमाणु संयंत्रों को नेस्तनाबूद कर दिया था। इजरायली वायु सेना तीन देशों की सीमाओं को पार करते हुए इराक में पहुंची थी और मिशन को अंजाम देकर वापस आ गई थी। इजरायल का हालिया जंग के बीच चर्चा तेज हो गई है कि अगर भारत ने भी इजरायल का मॉडल अपनाया होता तो पाकिस्तान को परमाणु हथियार बनाने से रोका जा सकता था।

इजरायल ने की थी मदद की पेशकश

कहा जाता है कि इजरायल ने इसके लिए भारत को मदद की पेशकश भी की थी और इसके लिए प्लान भी तैयार हुआ था। फिर आखिर उस योजना पर काम क्यों नहीं हुआ? आइए जानते हैं कि वह प्लान क्या था। इजरायल और भारत के बीच औपचारिक राजनयिक संबंध तो 1992 में स्थापित हुए लेकिन दोनों देश काफी

समय से एक दूसरे से संपर्क बनाए हुए थे।

साल था 1984, जब भारत और इजरायल ने पाकिस्तान में एक गुप्त अभियान की योजना बनाई थी। दोनों को पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम से खतरा था। साल 1965 में पाकिस्तान के तत्कालीन विदेश मंत्री और बाद में प्रधानमंत्री बने जुल्फिकार अली भुट्टो ने परमाणु बम बनाने के इरादे को जाहिर किया था। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भले घास या पत्तियां खाए, लेकिन पाकिस्तान परमाणु बम हासिल करेगा। साल 1971 में बांग्लादेश के युद्ध में हार के बाद भुट्टो के हाथ पाकिस्तान की कमान आई तो इस पर काम शुरू कर दिया था।

भारत और इजरायल का डर

पाकिस्तान का परमाणु कार्यक्रम यूरोप और चीन से चुराए गए डिजाइन और तकनीक पर निर्भर था। 1970 और 1980 के दशक के अंत तक कार्यक्रम परमाणु हथियार मिलने की दिशा में आगे बढ़ रहा था। यह भारत और इजरायल दोनों के लिए चिंता का विषय था। इस बीच भारत को पता चल गया था कि पाकिस्तान इस्लामाबाद के पास कहूटा में परमाणु हथियार बनाने की कोशिश कर रहा है। भारत को पता था कि पाकिस्तान का कोई भी परमाणु हथियार मुख्य रूप से नई दिल्ली के खिलाफ होगा। वहीं, इजरायल को डर था कि पाकिस्तान का 'इस्लामिक परमाणु बम' उसके अरब प्रतिद्वंद्वियों के लिए बड़ी ताकत बनकर आएगा। इसके बाद भारत की खुफिया एजेंसी रॉ और इजरायल की मोसाद के बीच पाकिस्तान के परमाणु बम को लेकर सहयोग शुरू हुआ।